# लोकसभा अध्यक्ष ने ललित को किया सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** नई दिल्ली में युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा आयोजित पांचवें राष्ट्रीय युवा संसद महोत्सव में जनपद के ललित हरि ने प्रदेश का प्रतिनिधित्व किया। नेहरू युवा केंद्र संगठन के तत्वावधान में आयोजित राज्य स्तरीय युवा संसद महोत्सव में तृतीय स्थान प्राप्त करने पर उन्हें सम्मानित किया गया।

नेहरू युवा केंद्र के युवा अधिकारी मयंक भदौरिया ने बताया कि युवा संसद महोत्सव का आयोजन संविधान सदन (पुराना संसद भवन) के केंद्रीय कक्ष में किया गया। छह मार्च को हुए समारोह में मुख्य अतिथि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला तथा विशिष्ट अतिथि केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर रहे। अतिथियों ने प्रदेश का नेतृत्व करने वाले जनपद के युवा ललित हरि मिश्र को प्रशस्ति पत्र भेंटकर सम्मानित किया। ललित ने बताया कि युवा संसद महोत्सव में देश के प्रत्येक राज्य से पहुंचे युवाओं को नया संसद भवन, कर्तव्य पथ, इंडिया गेट, राष्ट्रीय समर स्मारक का भ्रमण भी कराया गया। साथ ही लोकसभा प्राइड के माध्यम से संसद की स्टडी विजिट और आर्टिकल 370 की स्पेशल स्क्रीनिंग भी दिखाई गई।


ललित हरि को राष्ट्रीय युवा संसद महोत्सव में सम्मानित करते लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर।

- राज्य स्तरीय युवा संसद महोत्सव में किया प्रदेश का नेतृत्व, मिला तृतीय स्थान

सुपर स्पेशलिटी विभाग
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड अस्पताल
N.H.-24 बंथरा, शाहजहाँपुर द्वारा संचालित
पीडियाट्रिक सर्जरी एवं प्लास्टिक सर्जरी ओ.पी.डी.
अब शाहजहाँपुर में
हमारे विशेषज्ञ पीडियाट्रिक एवं प्लास्टिक सर्जन प्रत्येक दिन OPD में उपलब्ध रहेंगे।
समय- प्रातः 9:00 बजे से सायं 3:00 बजे तक
स्थान: पीडियाट्रिक सर्जरी ओ.पी.डी. कमरा नं. 202 / प्लास्टिक सर्जरी ओ.पी.डी. कमरा नं. 172 } रोहिलखण्ड अस्पताल, बंथरा
परामर्श शुल्क पर 80% की छूट ₹1000 ₹200
24 घण्टे उपलब्ध सविधायें
दूरबीन विधि द्वारा आपरेशन की सुविधा उपलब्ध
MRI, C.T. Scan एवं I.C.U. की सुविधा उपलब्ध
पीडियाट्रिक सर्जरी विभाग से संबंधित बीमारियों के लक्षण :
हर्निया, हाईड्रोसिल, अंडकोष का सही स्थान पर न होना, अपेंडिक्स, शरीर व पेट में गांठे, जीव का तालु से चिपका होना, गर्दन के सुराग से पानी आना, गर्दन में को सूजन/गांठ, नाभी से खून आना, पानी आना, मल आना, नाभी का फूल जाना व गांठ होना, पेट की समस्या, लम्बे समय से पेट में दर्द या अचानक दर्द, पेट का बार-बार फूलना व अचानक फूलना, बार-बार उल्टी होना, जन्मजात मलद्वार का नहीं होना, मलद्वार सामान्य जगह पर नहीं होना या छोटा होना, मल में खून आना, मलद्वार में खून आना, मलद्वार की गांठ, मलद्वार बाहर निकलना, बच्चों की स्तन की गांठ, लड़कों के स्तन का असामान्य बड़ा होना, लिंग का तिरछापन, लिंग की खाल न खुलना, पेशाब के छेद का सामान्य स्थान पर न होना, पेशाब में बार-बार संक्रमण होना, गुर्दे में पानी भर जाना, सर में पानी भर जाना, रीड की हड्डी पर गांठ।
प्लास्टिक सर्जरी विभाग से संबंधित बीमारियों के लक्षण :
- जन्मजात कटे-फटे होठ, तालू, मुँह व पैदाइशी निशानों की सर्जरी।
- जबड़े की हड्डियों के फ्रैक्चर व चेहरे की फटी चमड़ी की सर्जरी।
- जन्मजात विकृत जननांग व विकृत सिर की सर्जरी।
- जन्मजात कान, नाक का टेढ़ापन, चिपका या विकृत होने की सर्जरी।
- जन्मजात हाथों व पैरों की चिपकी उंगुलियों व पंजों की सर्जरी।
- जलने या दुर्घटना में फटे-कटे नाक, कान, होठ व कैंसर इलाज के घाव की सर्जरी।
- दुर्घटना में जलने व चोट के सभी प्रकार के निशानों की सर्जरी।
- स्तन, चेहरे व चमड़ी के कैंसर मुक्त टिशू की सर्जरी।
- चेहरे के दाग धब्बों आदि की कास्मेटिक सर्जरी।
- बिना दाग धब्बों के शरीर की किसी प्रकार की रसौली की सर्जरी।
- आयुष्मान भारत योजना के अन्तर्गत कार्ड धारकों के लिए भर्ती होने पर निःशुल्क इलाज की सुविधा।
- पं. दीन दयाल उपाध्याय राज्य कर्मचारी कैशलेस चिकित्सा योजना के अन्तर्गत मुफ्त इलाज की सुविधा।
- परिवार स्वास्थ्य कार्ड की सुविधा 200 में 1 वर्ष के लिए मान्य।
- ईसीएचएस एवं रेलवे के अंतर्गत कैशलेस इलाज की सुविधा उपलब्ध।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें :- Mob. 7521001988, 7521001989

# जलालाबाद जिले में सबसे ज्यादा संवेदनशील

## लोक सभा चुनाव को पुलिस ने कसी कमर, पुराने विवादों के वीडियो देख खुराफाती चिह्नित कर रही पुलिस

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** लोक सभा चुनाव में शरारती तत्वों पर शिकंजा कसने के लिए पुलिस ने योजना बना ली है। बीते चुनाव में गड़बड़ी करने वालों पर विशेष नजर रखी जा रही है। चुनाव संबंधी पुराने विवादों के वीडियो निकाल कर खुराफाती चिन्हित किए जा रहे हैं। अब तक 50,000 से ज्यादा लोगों को मुचलका पाबंद किया जा चुका है। पुलिस की कार्रवाई जारी है। संवेदनशीलता की दृष्टि से जलालाबाद पहले पायदान पर है।

लोकसभा के लिए आचार संहिता लगने वाली है। जिसे देखते हुए खुराफातियों को चिह्नित करने का काम तेज कर दिया गया है। अब तक जिले में 50 हजार से ज्यादा लोगों को मुचलका पाबंद किया जा चुका है। बीट सिपाही इनकी निगरानी कर रहे है। चुनाव के दौरान तमाम लोग माहौल खराब करने का भी प्रयास करते हैं। ऐसे लोगों से निपटने के लिए पुलिस ने अभी से पूरी तैयारी कर ली है। एसपी अशोक कुमार मीणा ने बताया कि ऐसे लोगों को चिह्नित कराया गया है जिन पर बीते 10 साल में किसी न किसी प्रकरण में कार्रवाई हो चुकी है। पुलिस ने इस विशेष अभियान के तहत करीब डेढ़ लाख लोगों का विवरण जुटाया, जिसमें 55 हजार लोगों को पाबंद कर दिया। हालांकि इनमें अधिकांश लोग ऐसे हैं, जो सामान्य तरह से जीवन यापन कर रहे हैं। हालांकि एसपी ने बीट सिपाहियों के माध्यम उन लोगों की भी हर गतिविधि पर नजर रखना शुरू कर दिया है। संभ्रांत नागरिकों से भी लगातार अपील की जा रही है कि अराजक तत्वों के बारे में पुलिस को सूचना देते रहें। साथ ही लोगों को सुरक्षित वातावरण में चुनाव संपन्न कराने का भरोसा भी दिया जा रहा है। जलालाबाद क्षेत्र हर बार संवेदनशील रहता है। ऐसे में इस क्षेत्र में दस हजार से अधिक ऐसे लोग, जिनसे माहौल खराब होने की आशंका रहती हैं। उनकी निगरानी के साथ-साथ उनके स्वजन के बारे में भी जानकारी जुटाई गई है।

- अब तक 50 हजार से ज्यादा को किया जा चुका है मुचलका पाबंद

**विधानसभावार बूथों का ब्योरा**

| विधानसभा | मतदान केंद्र | क्रिटिकल | वल्नरेबल |
|---|---|---|---|
| 131 कटरा | 315 | 34 | 73 |
| 132 जलालाबाद | 308 | 78 | 29 |
| 133- तिलहर | 299 | 51 | 52 |
| 134 पुवायां | 346 | 89 | 57 |
| 135-शाहजहांपुर | 163 | 98 | 51 |
| 136- ददरौल | 361 | 54 | 61 |
| योग | 1792 | 404 | 323 |



"खुराफातियों को चिह्नित कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस इसके लिए पुलिस प्रयासरत है। अराजक तत्वों पर विशेष नजर रखी जा रही है। लोगों को लगातार मुचलका पाबंद किया जा रहा है।
– अशोक कुमार मीणा, एसपी

### क्या होता है मुचलका पाबंद

चुनाव के दौरान लोगों को एक निश्चित समय और धनराशि से पाबंद कर दिया जाता है। साथ ही चेतावनी दी जाती है कि अगर उन्होंने चुनाव में किसी भी तरह की कोई गड़बड़ी की तो उन्हें पाबंद की गई धनराशि जमा करनी होगी। इसके अलावा अन्य कार्रवाई भी की जाएगी। पुलिस अधिकारियों के अनुसार एक व्यक्ति को 25 हजार से लेकर दो लाख तक की धनराशि से पाबंद किया जा सकता है।

### जिले में 404 क्रिटिकल, 323 वल्नरेबल मतदेय स्थल

लोकसभा चुनाव को देखते हुए प्रशासन ने क्रिटिकल और वल्नरेबल मतदेय स्थलों की सूची तैयार की है। जिले में 404 क्रिटिकल और 323 वल्नरेबल मतदेय स्थल हैं। इन पर प्रशासन के साथ-साथ पुलिस की भी पैनी नजर रहेगी। इसके साथ ही 1244 मतदेय स्थलों से वेबकास्टिंग होगी ताकि गड़बड़ी की कोई आशंका न रहे। लोकसभा चुनाव 2024 में 23 लाख 22 हजार 102 मतदाता पंजीकृत हैं। प्रशासन ने बीते दिनों जिले के 2481 मत स्थलों पर अंतिम वोटर लिस्ट का प्रकाशन कर दिया था। बीते चुनाव में जहां 22 लाख 18 हजार 224 मतदाता थे, वहीं अब यह संख्या 23 लाख 22 हजार 102 हो गई है। क्रिटिकल और वल्नरेबल मतदेय स्थलों पर पुलिस की विशेष नजर रहेगी।

## बूथों पर वोटरों को पढ़कर सुनाई गई मतदाता सूची

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव को देखते हुए भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशन पर दो दिवसीय 9-10 मार्च को बूथों पर वोटरलिस्ट जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें सुबह 11 से दोपहर 2 बजे तक बूथों पर बीएलओ ने मतदाताओं को वोटरलिस्ट पढ़कर सुनाई गई। मतदाताओं में वोटरलिस्ट में अपना नाम चेक करने की होड़ देखी गई। कुछ वोटरों की शिकायतें नाम की स्पेलिंग, पता, फोटो साफ आदि न होने को आई। जिनको बीएलओ की ओर से नोट कर जिला निर्वाचन कार्यालय को प्रेषित करने की बात कही। वहीं संबंधित तहसीलों के एसडीएम की ओर से बूथों का निरीक्षण भी किया गया। बता दें कि इस बार जनपद में लोकसभा चुनाव को लेकर 2481 बूथ बनाए गए। जिन पर मूलभूत सुविधाओं की तैयारियां पूरी की जा रही है। एडीएम प्रशासन संजय कुमार पांडेय ने बताया कि सभी बूथों पर वोटरलिस्ट मतदाताओं व राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को पढ़कर सुनाई गई।

# पुण्यतिथि पर याद की गई शिक्षिका सावित्री बाई फुले


सावित्री बाई फुले के चित्र पर पुष्प अर्पित करते लोग। ● अमृत विचार


सावित्री बाई फुले के चित्र पर पुष्प अर्पित करते पंजाबी समाज के लोग। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** अशोक विहार स्थित सम्राट अशोक पार्क में रविवार को भारत की प्रथम शिक्षिका सावित्रीबाई फुले की पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर हुई गोष्ठी में पंचशील सोशल वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष राम सिंह ने कहा कि सावित्रीबाई फुले का त्याग और बलिदान अविस्मरणीय है।

उन्होंने कहा कि सावित्रीबाई फुले ने 1848 में पहली कन्या पाठशाला खोलकर महिला शिक्षा का मार्ग प्रशस्त किया। अनुसूचित जाति जनजाति बेसिक शिक्षक संघ के जिला कोषाध्यक्ष राजीव कुमार वर्मा ने कहा कि उन्होंने अनाथालय, औषधालय और शिक्षालय खोलने का पुनीत कार्य किया। गोष्ठी में अशोक विहार विकास एवं संरक्षण समिति के अध्यक्ष नरेश चंद्र वर्मा, ज्वाला प्रसाद, अखिलेश गौरव, मानसिंह, सुबोध कुमार शर्मा, विनोद कुमार, पूर्व सैनिक ठुन्नी लाल, अशोक कुमार आदि ने भी विचार व्यक्त किए। अध्यक्षता करन सिंह ने और संचालन चंद्रकांत भारती ने किया।

वहीं, पंजाबी सिख समाज सेवा संगठन की ओर से हुए आयोजन में संगठन अध्यक्ष राजू बग्गा ने कहा सावित्रीबाई ने शिक्षा का महत्व समझते हुए महिलाओं को शिक्षित होने पर जोर दिया और स्कूल खुलवाकर पुनीत कार्य किया। उन्होंने भारी विरोध सहते हुए शिक्षा की अलख जगाने का काम किया। उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। इस अवसर पर प्रखर शर्मा, रणदीप सिंह, सहजदीप सिंह, रोहित वर्मा, ऋषभ, शोएब, ऋतिक, रजत, मुकेश आदि ने साबित्री बाई फुले के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की।

- सम्राट अशोक पार्क में हुई श्रद्धांजलि सभा में लोगों ने अर्पित किए पुष्प

# मंत्री के निर्देश पर नगर आयुक्त ने किया अमृत सरोवर का निरीक्षण

संवाददाता, रोजा

**अमृत विचार :** करीब सवा करोड़ रुपये की लागत से निवाजपुर में बने अमृत सरोवर की रखरखाव न होने के कारण उसकी स्थिति दयनीय हो रही है। ''अमृत विचार '' ने हालात को लेकर प्रमुखता से खबर प्रकाशित की थी।

रोजा मंडी में कार्यक्रम के दौरान वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना से शिकायत की गई। मंत्री ने नगर आयुक्त को तुरंत अमृत सरोवर का निरीक्षण कर मरम्मत कराने का आदेश दिया। वित्त मंत्री के आदेश के बाद नगर आयुक्त कामता प्रसाद ने अमृत सरोवर व निर्माणाधीन नाले का निरीक्षण कर जल्द ही मरम्मत कराने का आश्वासन दिया है। इस मौके पार्षद प्रतिनिधि अरुण सिंह मौजूद रहे।


अमृत सरोवर का निरीक्षण करते नगर आयुक्त कामता प्रसाद।

## मिट्टी ले जा रहे डंपर को राजस्व टीम ने पकड़ा

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** सदर तहसील के गांव ददियुरा में हो रहे मिट्टी के अवैध खनन की लगातार मिल रही शिकायतों का एसडीएम सदर ज्ञानेंद्र नाथ ने संज्ञान लिया। उन्होंने शनिवार देर रात राजस्व टीम को नायब तहसीलदार सदर अनुराग दूबे के नेतृत्व में मौके पर भेजा। जहां टीम ने मौके पर एक मिट्टी से भरा डंपर पकड़ लिया। ड्राइवर से कागज दिखाने को कहा गया, लेकिन उसके पास कागज न होने पर नायब तहसीलदार सदर ने मिट्टी से भरा डंपर सिंधौली पुलिस के सुपुर्द कर दिया। नायब तहसीलदार ने बताया कि एसडीएम के निर्देश पर कार्रवाई की गई है।

# स्वयंसेवियों ने ग्रामीणों को कराया अक्षर ज्ञान


साक्षरता जागरुकता रैली निकालतीं आर्य महिला कॉलेज की स्वयंसेविकाएं। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** आर्य महिला महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों का सात दिवसीय शिविर तीसरे दिन रविवार को भी जारी रहा। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रानू दुबे स्वयंसेवियों का उत्साहवर्द्धन करते हुए शिक्षा का महत्व समझाया।

उन्होंने कहा कि समाज हित में हर व्यक्ति का साक्षर होना जरूरी है। अच्छी शिक्षा ही जीवन का आधार होती है। हमारी जैसी शिक्षा होगी वैसा ही हमारा जीवन होगा। शिक्षित व्यक्ति ही गरीबी, लिंग-भेद, जनसंख्या बढ़ोत्तरी जैसी सामाजिक समस्याओं को दूर करने में सहायक हो सकता है। शिक्षा व्यक्ति को अंधेरे से उजाले की ओर ले जाती है। द्वितीय सत्र स्वच्छता जागरुकता के नाम रहा। प्रथम इकाई ने शिविर स्थल से लोकविहार एवं द्वितीय इकाई ने अहमदपुर रेती में साक्षरता एवं स्वच्छता जन-जागरुकता अभियान के अंतर्गत रैली निकाली। रैली का नेतृत्व कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रानू दुबे और ऋतु शर्मा ने किया।

स्वयंसेविकाएं हाथों में साक्षरता संबंधी स्लोगन लिखी तख्तियां लेकर और नारे लगाकर लोगों को जागरूक कर रही थीं। स्वयंसेवियों ने टोलियों के रूप में घर-घर जाकर ग्रामीणों को अक्षर ज्ञान भी कराया। क्षेत्र में साक्षर और निरक्षरों का सर्वे कर चिन्हित किया गया। पश्चात पोस्टर प्रतियोगिता भी कराई गई। इस दौरान डॉ. अशीष गोयल, संचिता, आकांक्षा, हिमांशु, ऋषभ, सुधीर आदि मौजूद रहे।

- आर्य महिला महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों का एनएसएस शिविर

## सार-संक्षेप

### धूमधाम से निकली राम बरात की शोभा यात्रा



**सेहरामऊ दक्षिणी।** कस्बा स्थित बाबा कालसेन मंदिर परिसर में चल रही प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर रविवार को मंदिर परिसर से धूमधाम से राम बरात की शोभा यात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में डीजे पर बज रहे श्रीराम के भजनों पर श्रद्धालु जयकारे लगाते हुए झूमते हुए एक-दूसरे के गुलाल लगाकर खुशी मनाते हुए शामिल हुए। राम बरात में एक वाहन को सजाकर राम, लक्ष्मण, सीता की मूर्ति रखकर यात्रा निकाली गई। सोमवार को मूर्तियां स्थापित की जाएंगी। जिसके पश्चात मंदिर परिसर में विशाल भंडारा होगा। शोभायात्रा में मुख्य रूप से आचार्य सत्य प्रकाश मिश्रा, आचार्य सत्य प्रकाश चतुर्वेदी, अरविंद सिंह, राजन सिंह सोमवंशी, भगोले सिंह, वीरेश सिंह, चीनी तिवारी, कमल सिंह, मटोल सिंह, राहुल तिवारी, साहिल तिवारी, विमल सिंह, जगदेव सिंह आदि हजारों की संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

### इनरव्हील ने महिला बंदियों को बांटी श्रृंगार सामग्री



**शाहजहांपुर।** इनरव्हील क्लब की टीम ने जिला जेल में महिला बंदियों के साथ समय व्यतीत किया। इस दौरान महिला बंदियों को श्रृंगार सामग्री एवं बच्चों को खिलौने, चॉकलेट आदि वितरित की। क्लब की अध्यक्ष नीलम गुप्ता के नेतृत्व में शनिवार को कारागार पहुंची समाजसेवियों की टीम ने जेल अधीक्षक मिजाजीलाल के सहयोग से महिला बंदियों संग समय व्यतीत कर उनका सुख-दुख जाना। इसके बाद थाना सदर बाजार में आठ महिला पुलिस कर्मियों को सम्मानित भी किया। सचिव रागिनी कपूर ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ सदस्य सुनीता गर्ग, गीता गुप्ता, सुषमा सक्सेना, अनीता गुप्ता, रेखा मोदी, राजेंद्र कौर, ज्योति गुप्ता आदि शामिल रहीं।

### जीआईसी में एनएसएस का सात दिवसीय शिविर शुरू



**शाहजहांपुर।** राजकीय इंटर कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर रविवार से शुरू हुआ। उद्घाटन मुख्य अतिथि जीआईसी कांट के प्रधानाचार्य संजय कुमार मौर्य और जीआईसी कलान के प्रधानाचार्य सियाराम ने किया। जीआईसी छात्रावास में लगे शिविर में मेजबान कॉलेज के प्रधानाचार्य अनिल कुमार ने शिविर का महत्व समझाते हुए छात्रों को निष्ठा और ईमानदारी से कैंप में सहभागिता करने और प्रशिक्षण प्राप्त करने को प्रेरित किया। कार्यक्रम अधिकारी मनीराम तिवारी ने शिविर के सात दिन की रूपरेखा प्रस्तुत की। स्वयंसेवी छात्रों ने अतिथियों का स्वागत कर लक्ष्य गीत प्रस्तुत किया। इसी क्रम में समितियों का गठन कर समूह चर्चा की गई। उद्घाटन अवसर पर महेंद्र कुमार, वैभव शुक्ला आदि शिक्षकों ने छात्रों का उत्साहवर्द्धन किया।

सुपर स्पेशलिटी विभाग
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड अस्पताल
N.H.-24 बंथरा, शाहजहाँपुर द्वारा संचालित
यूरो सर्जरी एवं न्यूरो सर्जरी ओ.पी.डी.
अब शाहजहाँपुर में
हमारे विशेषज्ञ यूरो सर्जन एवं न्यूरो सर्जन प्रत्येक दिन OPD में उपलब्ध रहेंगे।
समय- प्रातः 9:00 बजे से सायं 3:00 बजे तक
स्थान: यूरोलॉजी सर्जरी ओ.पी.डी. कमरा नं. 173 / न्यूरो सर्जरी ओ.पी.डी. कमरा नं. 182 } रोहिलखण्ड अस्पताल, बंथरा
परामर्श शुल्क पर 80% की छूट ₹1000 ₹200
24 घण्टे उपलब्ध सविधायें
दूरबीन विधि द्वारा आपरेशन की सुविधा उपलब्ध
यूरोलॉजी विभाग में सम्बन्धित बीमारियों के लक्षण :
- गुर्दे व गुर्दे की नली में पथरी।
- पेशाब की थैली में पथरी।
- पेशाब रुक-रुक कर आना।
- पेशाब का बार-बार आना।
- पेशाब में खून व पस आना।
- पेशाब दूधिया आना।
- पेशाब की नली में रुकावट होना।
- किडनी का कैंसर।
- पेशाब की थैली का कैंसर।
- Erectile disfunction (लिंग का ढीलापन)
आदि का समुचित उपचार
न्यूरो सर्जरी विभाग से सम्बन्धित बीमारियों के लक्षण :
सिर व दिमाग की चोट, ब्रेन हैमरेज, ब्रेन ट्यूमर, स्ट्रोक, लकवा, माइग्रेन, दिमागी बुखार, दिमागी टी.बी., मिर्गी के दौरे, रीढ़ की हड्डी में दर्द अथवा टी.बी. स्लिप डिस्क, सियाटिका, दिमाग में पानी या खून का थक्का जमना, कमर व गर्दन में दर्द, चलने में लड़खड़ाहट इत्यादि। टाँग या पैर व त्वचा का सुन्न होना, कमर की नस दबना, टांगो में कमजोरी महसूस होना, कमर में दर्द होना, दर्द का बैठने या खाँसने पर गम्भीर होना इत्यादि रोगों का समुचित परामर्श एवं उपचार की सुविधा उपलब्ध।
ब्रेन ट्यूमर के लक्षण :-
1. कान से कम सुना देना, आँख की रोशनी कम होना।
2. सर में दर्द, विशेष रूप से सुबह के समय होने वाला दर्द।
3. बार-बार उल्टी आना, मिर्गी आना, शरीर में कमजोरी आना व व्यवहार में परिवर्तन आदि।
- आयुष्मान भारत योजना के अन्तर्गत कार्ड धारकों के लिए भर्ती होने पर निःशुल्क इलाज की सुविधा।
- पं. दीन दयाल उपाध्याय राज्य कर्मचारी कैशलेस चिकित्सा योजना के अन्तर्गत मुफ्त इलाज की सुविधा।
- परिवार स्वास्थ्य कार्ड की सुविधा 200 में 1 वर्ष के लिए मान्य।
- ईसीएचएस एवं रेलवे के अंतर्गत कैशलेस इलाज की सुविधा उपलब्ध।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें :- 7521001988, 7521001989

बिना ऑपरेशन गुर्दे की पथरी का इलाज होम्योपैथी द्वारा
सिन्कोना होम्योपैथिक सेन्टर



डा. ब्रजेश कुमार
होम्योपैथिक फिजीशियन
बी.एच.एम.एस. (आगरा)
सम्पर्क करें : 9058575790 8077383286
● चर्म रोग (सोराइसिस, दाद, एक्जीमा, मस्से इत्यादि)
● बच्चों का रात में बिस्तर गीला कर देना
● बालों का झड़ना, गंजापन, बालों की सफेदी
● महिलाओं की माहवारी सम्बन्धित समस्याऐं ल्यूकोरिया आदि
● बवासीर, फिशर
● मानसिक रोग (डिप्रेशन)
● चेहरे के कील, मुहांसे
● मिर्गी
● माइग्रेन (आधे सिर का दर्द)
● ब्लड प्रेशर, शुगर
● सियाटिका का दर्द
● मानसिक दुर्बलता
● मोटापा
● पेट संबंधी रोग, जिगर के रोग
● साइनस
● टॉसिंल का बढ़ जाना
● थायराइड
● जोड़ों का दर्द
● गुप्त रोग
पता : 116 बी-1, मॉडल टाउन, स्टेडियम रोड, (निकट संजय नगर पेट्रोल पम्प) बरेली
समय : सोमवार से शनिवार
प्रातः 11 बजे से 4 बजे तक, शाम 6 बजे से रात 9 बजे तक
रविवार 12 बजे से 2 बजे तक

## होली पर मिलावटखोरी रोकना खाद्य सुरक्षा विभाग के लिए होगी सबसे बड़ी चुनौती

# चाय की पत्ती में लोहा तो दूध में निकला था डिटर्जेंट पाउडर, बरतें सतर्कता

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** होली के त्योहार को देखते हुए मिलावटखोर भी सक्रिय हो गए हैं। त्योहार पर मिलावट रोकना खाद्य सुरक्षा विभाग के लिए किसी चुनौती से कम नहीं होगा क्योंकि बीते एक साल के दौरान मिलावटखोरी के बड़े-बड़े प्रकरण जिले में प्रकाश में आए हैं। दीपावली पर भी सैकड़ों किलो मावा विभागीय अधिकारियों ने नष्ट कराया था। चाय की पत्ती में लोहा मिलाए जाने की पुष्टि हुई थी और दूध में डिटर्जेंट मिलाया गया था।

हर वर्ष की तरह इस बार भी मिलावटखोरों पर अंकुश लगाने

● **एक बार फिर अपनी जेबें भरने की फिराक में मुनाफाखोर**

> होली पर मिलावटखोरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अभी से तैयारी की जा रही है। विभाग की ओर से लगातार अभियान चलाकर मिलावटखोरों पर कार्रवाई की जाती है।
> **-चंद्रशेखर मिश्र**, सहायक आयुक्त खाद्य सुरक्षा।

के लिए एफएसडीए की टीम जांच अभियान चलाएगी, लेकिन जरा सी चूक से होली का रंग फीका पड़ सकता है। सतर्कता बरतने के बावजूद खाद्य पदार्थों में मिलावटखोरी तो हर मौसम में आम बात है। फिर भी किसी त्योहार विशेष के मौके पर इसमें और तेजी आ जाती है। खासकर दूध, पनीर, खोवा, रंगीन नमकीन, सरसों का तेल, रिफाइंड आदि में मिलावट के अधिकांश मामले सामने आते हैं। इस बार भी खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की टीम ने होली के मद्देनजर मिलावटखोरी रोकने के लिए महाअभियान शुरू करने का फैसला लिया है।

इसके लिए खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की दो टीमें बनाई गई हैं। बीते वर्ष लिए गए नमूनों से पता चला है कि दूध में डिटर्जेंट, यूरिया आदि मिलाया जाता है।

मैदा में गेहूं की जगह चावल हो सकता है। बेसन में मैदा की मिलावट संभव है। चिकित्सकों के अनुसार दूध में मिला कास्टिक, लेड आदि के सेवन करने से डायरिया की समस्या होती है। बाद में लीवर और गुर्दे को प्रभावित करते हैं। दूध से बने खाद्य पदार्थों का सेवन त्योहार के दौरान कम करें।

### नमकीन में ज्यादा थी रंग की मात्रा, चिली सॉस में मिला था घातक रंग

जनवरी 2023 में बरेली रोड पर सुधीर कुमार नाम के दूध विक्रेता से दूध का नमूना लेकर जांच के लिए लखनऊ स्थित लैब में भेजा गया था। इसकी रिपोर्ट में पता चला कि दूध में डिटर्जेंट मिलाया गया था, जो स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। अक्टूबर 2023 में साउथ सिटी शाहजहांपुर स्थित मां वैष्णो प्रोविजन स्टोर से फलाहारी नमकीन का नमूना लेकर जांच के लिए भेजा गया था। जांच में पाया गया कि नमकीन में रंग की मात्रा ज्यादा थी। नियमानुसार 100 पार्ट्स पर मिलियन मात्रा होनी चाहिए, लेकिन यहां 135 पीपीएम मात्रा नमकीन में थी। नवंबर 2023 में चिली सॉस का नमूना मोहन ट्रेडिंग कंपनी कटरा से लिया गया था। यह उत्पाद पूर्णागिरि फूड की ओर से बनाया गया था। जांच के दौरान चिली सॉस में घातक रंग पाया गया था।

### वजन बढ़ाने के लिए लोहे के कण मिलाते थे चायपत्ती में

छह अगस्त को नवादा इंदेपुर में पकड़ी गई नकली चाय की पत्ती में मिलावटखोर वजन बढ़ाने के लिए हानिकारक लोहे के कण मिलाते थे। जांच को लखनऊ लैब भेजे गए नमूने से इसका खुलासा हुआ था। नमूना असुरक्षित पाया गया है। अब आरोपियों के खिलाफ एसीजेएम कोर्ट में वाद चल रहा है। अधिकारियों ने बताया कि छह अगस्त को चौक कोतवाली क्षेत्र में नवादा इंदेपुर स्थित एक फैक्ट्री में छापा मारा था। पुलिस ने जितेंद्र नामक युवक को मौके से पकड़ा था, वह फैक्ट्री का संचालन कर रहा था। फैक्ट्री में ताजा कंपनी की नकली चाय की पत्ती बनाई जा रही थी। इसके अलावा गगन ब्रांड का नकली गुटखा भी बनाया जा रहा था।

### रिपोर्ट आने में 10 से 20 दिन लग रहा समय

खाद्य सुरक्षा विभाग की ओर से वर्तमान में लिए जा रहे नमूनों की रिपोर्ट आने में दस से 20 दिन का समय लग रहा है। बीते दिनों व्यापारियों ने इस प्रक्रिया पर सवाल उठाए थे। व्यापारियों ने कहा था कि टीम की ओर से नमूना लेकर लखनऊ जांच के लिए भेजे जाते हैं। नमूना लैब तक पहुंचने में कई दिन का समय लगता है। कई बार तो नमूना लैब में पहुंचने से पहले ही खराब हो जाते हैं। जिसका खामियाजा व्यापारियों को भुगतना पड़ता है।

### व्यापारियों ने एसपी के नाम दिए ज्ञापन

**शाहजहांपुर।** सराफा व्यापारी के खिलाफ हुई दर्ज के रिपोर्ट में सराफा एसोसिएशन व व्यापारिक संगठनों ने एसपी के नाम संबोधित ज्ञापन थाना प्रभारी गौरव त्यागी को दिया। व्यापारियों ने पुलिस को बताया कि शहजाद अली ने 24 अप्रैल 18 को केले के प्लांट लगाने के नाम पर सराफा व्यापारी राजकिशोर गुप्ता से आठ लाख रुपये उधार लिए थे, जो वापस नहीं किए है। जबकि कटरा के मोहल्ला आतिशबजान निवासी शहजाद अली की पत्नी शाजो बेगम ने सर्राफा व्यापारी राज किशोर से सोने के आभूषण गिरवी रखकर तीन लाख रुपये दस प्रतिशत ब्याज पर लिए थे। मय ब्याज के चार लाख अस्सी हजार रुपये देकर गिरवी रखा था। जेवर वापस मांगे तो नहीं दिए। शाजो बेगम ने सराफा व्यापारी के खिलाफ धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। सराफा व्यापारियों ने मांग की झूठा लिखाया गया मुकदमा वापस लिया जाए वरना आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ेगा। ज्ञापन देने वालों में विनोद वर्मा, अनूप कुमार, पुनीत गुप्ता, राम प्रकाश आदि मौजूद रहे।

### दो पक्षों में मारपीट, जमकर हुआ पथराव

**रौसर कोठी।** रामचंद्र मिशन क्षेत्र के गांव कनेंग निवासी सूरज और नन्हें के बीच विवाद चल रहा है। शनिवार की रात करीब आठ बजे दोनों पक्षों में किसी बात को लेकर कहा सुनी हो गई। दोनों पक्षों की ओर से कई लोग एकत्रित हो गए। उनमें मारपीट के बाद जमकर ईंट पत्थर चले। आरोप है कि एक पक्ष के नन्हें ने साथियों के साथ मिलकर सूरज के घर में घुसकर हमला बोल दिया और परिवार वालों को जमकर पीटा। सूचना पर थाना रामचंद्र मिशन पुलिस मौके पर पहुंच गई पुलिस ने जैसे तैसे मामले को शांत कराया इंस्पेक्टर चंद्र प्रकाश शुक्ला ने बताया कि मामले में सूरज की ओर से नन्हें, शिब्बी, भोले, नितिन निवासी ग्राम कनेंग के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। घायलों का मेडिकल परीक्षण राजकीय मेडिकल कॉलेज में कराया गया।

# लापरवाही: हादसों से नहीं ले रहे सबक

# ट्रैक्टर-ट्रॉलियों में फर्राटा भर रहे लोग

## कार्यक्रमों में क्षमता से अधिक सामान ढोने में भी किया जा रहा उपयोग



मैलानी रोड पर ट्रैक्टर-ट्रॉली में बैठकर जाते लोग।

संवाददाता, खुटार

**अमृत विचार:** उच्च स्तर के आदेश थे कि कृषि यंत्र में शामिल ट्रैक्टर-ट्रॉली और ट्रक में सवारियों को ले जाने का काम न किया जाए। सिर्फ सामान ढोने के लिए उपयोग किया जाए। इस आदेश के बाद भी इसका कोई असर नहीं पड़ा। जिस कारण सड़कों पर बेलगाम ट्रैक्टर-ट्रॉलियों से सवारियों को क्षमता से कई गुना भरकर ले जाने का काम हो रहा है।

खुटार में खुलेआम ट्रैक्टर-ट्रॉली से मुंडन, शादी समारोह और अन्य कार्यक्रमों में लोगों को ले जाया जा रहा है। ट्रैक्टर-ट्रॉली में क्षमता से अधिक महिलाएं, पुरुष, बच्चे धार्मिक स्थलों की यात्रा करते हैं। जबकि ट्रॉली में पिछला गेट (डाला) खुला रखकर सड़कों पर तेज रफ्तार में चालक वाहन दौड़ाते हैं।

सामने से अचानक वाहन आने से ब्रेक लगाते हैं तो हादसा होने का डर बना रहता है। इस समय कार्यक्रमों और समारोह में ट्रैक्टर-ट्रॉली का उपयोग लोगों को ले जाने में किया जा रहा है। ऐसे दृश्य किसी भी समय खुटार बंडा, पुवायां, गोला, मैलानी, पूरनपुर रोड पर देखा जा सकता है। मेन मार्केट में थाने के सामने से ट्रैक्टर-ट्रॉली लोगों को भरकर निकलती है लेकिन अधिकारी ध्यान देने की जरूरत नहीं समझ रहे हैं।

> जांच कराई जाएगी। अगर टैक्टर-ट्रॉलियों पर सवारियां भरकर जाती है। तो थानाध्यक्ष खुटार को आदेशित कर कार्रवाई कराई जाएगी।
> **- पंकज पंत, सीओ पुवायां**

● **कार्रवाई में पुलिस प्रशासन बरत रहा ढिलाई**
● **तेज रफ्तार भी बन रही हादसे का सबब**

परौर कलान रोड पर ट्रैक्टर ट्रॉली पर बच्चे लटक कर अपनी जान जोखिम में डाल रहे हैं। शाम होते ही ट्रैक्टर फर्राटे भरने लगते हैं। चाहे वह भट्ठे का कार्य हो या फिर बालू खनन का। कृषि कार्य के लिए खरीदे गए ट्रैक्टर-ट्रॉली का उपयोग अन्य कामों में धड़ल्ले से हो रहा है। प्रशासन सब कुछ देखते हुए भी मौन है।



परौर में ट्रैक्टर-ट्रॉली पर सवार बच्चे। ● अमृत विचार



ट्रॉली में बैठे बड़ी संख्या में लोग। ● अमृत विचार

### मुख्यमंत्री ने की थी अपील, परिवहन विभाग बेखबर

कानपुर में एक और दो अक्टूबर 2022 को ट्रैक्टर-ट्रॉलियों से हुए हादसे के मामले में मुख्यमंत्री ने अपने आवास पर गृह और परिवहन विभाग की उच्च स्तरीय बैठक की थी। मुख्यमंत्री ने ऐसे हादसों की पुनरावृत्ति को रोकने की हिदायत देने के साथ कहा था कि सुनिश्चित किया जाए कि यात्रा के लिए ट्रैक्टर-ट्रॉली व ट्रक का उपयोग न हो। साथ ही आमजन से भी यात्रा के दौरान सुरक्षा मानकों का पूरी तरह पालन करने की अपील की थी। इसके लिए विशेष कर ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को जागरूक किया जाए। शासन की ओर से दो नंबर भी जारी किए गए थे। अगर कोई ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करे तो इन नंबरों पर सूचना दें। इसके बाद भी अफसर ध्यान नहीं दे रहे हैं।

### दस हजार का चालान काटने के दिए थे आदेश

कानपुर में हादसे के वक्त यातायात निदेशालय ने सवारी ढोने में ट्रैक्टर-ट्रॉली पर दस हजार का चालान करने के आदेश जारी किए गए थे। कहा गया था कि प्रदेश में इस पर रोक लगा दी गई थी। इसके बावजूद चालक ऐसा करते पाया गया तो उसे दस हजार रुपये का चालान भरना होगा। साथ ही जिलों के एसपी और एसएसपी, ग्राम प्रधानों और ग्राम सचिव के साथ मिलकर जागरुकता अभियान चलाने की अपील की गई थी। यह आदेश एडीजी यातायात अनुपम कुल श्रेष्ठ ने किए थे।

### जिले में हो चुके हैं कई हादसे, फिर भी लापरवाही

जिले में ट्रैक्टर-ट्रॉलियों से सवारी ढोने के दौरान कई हादसे हो चुके हैं। पलटने से कई लोगों ने अपनी जान गंवाई हैं तो कई घायल भी हो चुके हैं। हादसों के बाद पुलिस प्रशासन सख्ती बरतने के नाम पर खानापूर्ति करता है लेकिन जागरुकता के नाम पर कोई ध्यान नहीं दिया जाता है।

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन – 8979252222, 9457663289

डॉ. हारिस अंसारी
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
● प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP) ● गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL) ● गुर्दे की नली (यूरेटस) की पथरी का ऑपरेशन (URSL) ● पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज
आयुष्मान योजना अन्तर्गत स्वास्थ्य लाभ मुफ्त
MIZAN E.N.T. & URO Care Centre
निकट आयरिश लॉन पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
सुबह 10.30 से 11.30 तक शाम 7 से 8 बजे तक
8394838281, 9897838286
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर
स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
समय दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक
हेल्पलाईन 9897838286, 9837549348

आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री मोतियाबिन्द व नाखूना के ऑपरेशन
TPA कैशलेस की सुविधा,
ECHS द्वारा मोतियाबिन्द की सुविधा
नेत्र सर्जन
डॉ. आफताब आलम
एम.बी.बी.एस., डी.ओ.एम.एस. (ए.एम.यू.)
रोहिलखंड रत्न व अचीवर अवार्ड से सम्मानित
मोतियाबिन्द के ऑपरेशन की शुरूआत मात्र 2000/- रु. से
मिलने का समय-प्रातः 10 से 3 बजे तक, शाम : 6 से 8 बजे तक
डॉ. आफताब आई केयर मो. 9758934778
ऑर्थोडेन्ट क्लीनिक, निकट आकाश पुरम गेट, जगतपुर रोड, बरेली

डॉ. नितिन अग्रवाल
एम.डी. (गोल्ड मेडिलिस्ट), डी.एम. (कार्डियोलॉजी)
हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777
ECG+ECHO+TMT+HOLTER
हृदय रोग के लक्षण:- ♦ घबराहट ♦ छाती में दर्द या भारीपन ♦ सांस फूलना ♦ पैरों में सूजन ♦ हाई ब्लडप्रेशर ♦ हाई कोलेस्ट्रोल ♦ डाइबिटीज (शुगर) ♦ सीने या पेट में जलन या दर्द ♦ हार्ट अटैक ♦ हार्ट फेल
APPLE CARDIAC CARE
DR. NITIN AGARWAL'S HEART CLINIC
ए-3, एकता नगर, केयर अस्पताल के सामने, स्टेडियम रोड, बरेली। सम्पर्क करें:- 9458888448

डॉ. गयास अहमद
MBBS, DCH, DNB (Paediatric) NEW DELHI
नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
भू.पू. चिकित्सक सर गंगाराम अस्पताल, नई दिल्ली
NEW BORN AND CHILD CARE CLINIC
1. मुंशी नगर गेट, डेलापीर मण्डी, पीलीभीत रोड, बरेली
समय – प्रातः 9 बजे से 12 बजे तक, शाम 4 बजे से 8 बजे तक
सुविधायें :- ♦ वेन्टीलेटर/BIPAP/CPAP युक्त NICU/PICU की सुविधा, ♦ प्रीमेच्योर बच्चों के लिए सफेक्टेन्ट एवं विशेष देखभाल की सुविधा, ♦ नवजात निमोनिया व जन्मजात दौरे पड़ने का इलाज, ♦ पीलिया का इलाज, ♦ दिमागी बुखार, ♦ मलेरिया, डेंगू, टायफाइड का इलाज
HELP LINE - 7017920279, 8920198518

# अभय ने जीती भाषण प्रतियोगिता

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** युवक बिरादरी के तत्वावधान में ग्लेरिंग पब्लिक हाईस्कूल में रविवार को भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। नए भारत के सामने चुनौतियां विषयक भाषण प्रतियोगिता में युवाओं ने विचार रखे और विजेता बनकर पुरस्कार प्राप्त किए।

प्रतियोगिता में अभय कुमार मिश्रा को प्रथम, साक्षी शुक्ला को द्वितीय और फलक को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। साक्षी मिश्रा और आयुष समदर्शी को सांत्वना पुरस्कार मिला। डॉ. आशुतोष शुक्ला की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम में संस्थाध्यक्ष पवन कुमार सिंह ने युवाओं का आह्वान किया कि देश की चुनौतियों से निपटने के लिए सभी को एकजुट होना पड़ेगा। युवाओं को शिक्षा के साथ सामाजिक सरोकारों में भी आगे आना होगा। निर्णायक मंडल में आर के मिश्रा एवं ललित हरि मिश्रा रहे। विजेताओं को स्मृति चिन्ह और प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया गया। अनुज जौहरी के संचालन में चले कार्यक्रम में रंजीत सक्सेना, डॉ. रईस अहमद, डॉ. स्वप्निल यादव, शरत शुक्ला, श्लोक यादव, देवराज, रागिनी आदि मौजूद रहे।



पुरस्कार के साथ भाषण प्रतियोगिता के विजेता। ● अमृत विचार

● **ग्लेरिंग पब्लिक स्कूल में युवक बिरादरी का आयोजन**

### पूर्व विधायक पुत्तू सिंह को दी श्रद्धांजलि

**शाहजहांपुर।** दि बुद्धिस्ट सोसाइटी की ओर से रविवार को बुद्ध विहार में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व विधायक पुत्तू सिंह यादव को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। श्रद्धांजलि सभा की अध्यक्षता डॉ. रामसागर यादव ने की। इस अवसर पर सभी ने पूर्व विधायक के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। जिला अध्यक्ष रामसेवक गौतम, डॉ. नवनीत यादव, तोताराम बौद्धाचार्य, मनोज कुमार, विनोद कुमार यादव, यदुवीर सिंह यादव, रामाधार सिंह यादव, योगेश कुमार, सर्वेश कुमार, श्याम कुमार कठेरिया, गयारी लाल, दिनेश चंद्र गौतम, श्याम बरन, जमाल हसनैन, रामपुकार आदि ने श्रद्धासुमन अर्पित किए। संचालन सुरेश पाल सिंह ने किया।



पूर्व विधायक पुत्तू सिंह के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते बुद्धिस्ट सोसाइटी के लोग।

### पुण्य तिथि पर याद किए कहानीकार डॉ. यूसुफ

**शाहजहांपुर।** उर्दू कहानीकार एवं शायर डॉ. यूसुफ गौहर की 13वीं पुण्यतिथि पर उनका भावपूर्ण स्मरण किया गया। साहित्यकारों ने उनके व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालकर श्रद्धांजलि अर्पित की। एमनजई जलालनगर में रविवार को आयोजित कार्यक्रम में उर्दू कहानीकार शायर डॉ. यूसुफ गौहर को याद किया गया। वरिष्ठ शायर असगर यासिर ने कहा कि यूसुफ गौहर एक शायर, कहानीकार के साथ ही उर्दू पत्रिका उफुके नौ के संपादक भी थे। शायर हमीद खिजर ने कहा कि डॉ. गौहर ने उर्दू अदब की जो खिदमत की है, उसको कभी भुलाया नहीं जा सकता। इस अवसर पर इरफान अहमद अंसारी, फिरासत उल्ला खां, राशिद हुसैन राही, जीशान रजा, फिरासत उल्ला खां आदि ने भी खिराजे अकीदत पेश की। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में शाहनवाज खां, तसलीम रजा, जीशान रजा, अब्दुर्रहमान, महबूब हसन, मुख्तार अली, डॉ. मोनिस खां आदि मौजूद रहे।

## किशोरी को अगवा करने की रिपोर्ट दर्ज

**शाहजहांपुर, अमृत विचार।** कांट थाना क्षेत्र के एक गांव के व्यक्ति ने बताया कि एक माह पूर्व सुबह साढ़े पांच बजे उसकी 16 वर्षीया पुत्री खेत पर लघुशंका करने के लिए गई थी।

वह सुबह नौ बजे तक घर वापस नहीं आई तो उसकी गांव में तलाश की। लेकिन उसका पता नहीं चला। उन्होंने रिश्तेदारी में तलाश किया और पता नहीं चला। वह अपनी बेटी को तलाश करता रहा और पता चला कि फर्रुखाबाद का अर्जुन उसकी बेटी को बाइक पर बैठाकर अगवा करके ले गया है। उसकी गांव में एक रिश्तेदारी है और गांव में आना और जाना है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

# बच्चों को संस्कार देना अति आवश्यक



बच्चों को संबोधित करते वक्ता। ● अमृत विचार

संवाददाता, पुवायां

**अमृत विचार:** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से पुवायां विकासखंड के बाल शिविर का आयोजन राना पब्लिक स्कूल में किया गया। शनिवार को शिविर का प्रारंभ आरएसएस के विभाग प्रचारक (शाहजीपुर) धर्मेंद्र धवल व विकास खंड संघचालक रामकुमार यादव ने किया। विभाग प्रचारक धर्मेंद्र धवल ने महापुरुषों के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके जीवन चरित्र को आत्मसात करने के लिए बच्चों को प्रेरित किया। देश के बलिदानियों और महापुरुषों के गाथाएं बच्चों को अवश्य सुनाई जानी चाहिए।

जिला प्रचारक जय किशोर वर्मा ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से बालकों में अच्छे संस्कार भरे जा सकते हैं। विकास खंड कार्यवाह शंभू सिंह ने कहा कि बच्चों के अंदर शिक्षा के साथ संस्कारों का परिपोषण करने के लिए संस्कारशालाओं और बाल शिविरों का आयोजन समय-समय पर होते रहना चाहिए। इस अवसर पर शिवम सिंह, शिवाजी शुक्ला, संतोष वर्मा, आनंद पांडेय, अनुज पांडेय, रवि सूर्या, धर्मेन्द्र शुक्ला, डॉ. प्रदीप बैरागी आदि मौजूद रहे।

● **राना पब्लिक स्कूल में आरएसएस की ओर से हुए कार्यक्रम में बोले धर्मेंद्र धवल**

## धारदार हथियार से किया घायल

**शाहजहांपुर, अमृत विचार।** कलान थाना क्षेत्र के गांव विक्रमपुर निवासी कल्लू ने बताया कि वह तीन दिन पूर्व दोपहर के समय अपने खेत पर फसल की रखवाली कर रहा था।

गांव का भुवनेश अपनी बकरियां लेकर उसके खेत में आ गया। खेत में लगे पेड़ों को कुल्हाड़ी से पेड़ की डालें काटने लगा। विरोध करने पर आरोपी ने साथियों के साथ मिलकर उसे कुल्हाड़ी से प्रहार करके घायल कर दिया। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। पुलिस ने आरोपी भुवनेश, धर्मवीर, अजय के खिलाफ विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

The Ano Rectal Clinic
अत्याधुनिक विधि द्वारा गुदाद्वार में होने वाली बीमारियों का परीक्षण
Dr. Sanjay Kumar Yadav
M.S. (Ano-Rectal Surgeon)

Video Recto Scope
लेज़र विधि एवं DGHAL विधि द्वारा
बवासीर (Piles)
भगन्दर (Fistula)
एवं गुदाद्वार में होने वाली अन्य बीमारियों का उचित* इलाज

क्लीनिक का पता
एस-80, गोल चौराहा, महानगर कोतवाली के सामने, महानगर, लखनऊ
7388913338
8005423919
www.anorectalclinic.com

शिव इन्टरप्राईजेज फोम एण्ड प्लाई

गद्दे, सोफे का सामान, पर्दे, प्लाई बोर्ड, दरवाजे, सनमाइका
हार्डवेयर, फर्नीचर
सिकलापुर, बरेली
9897245877

### कुइयां के रहने वाले खेत मालिक पर आरोप, रेंजर ने की जांच

# बिना परमिट के काट दिए सागौन के 13 पेड़

संवाददाता, खुटार

**अमृत विचार :** गांव कुइयां से नवदिया रोड पर खेत में खड़े सागौन के 13 पेड़ बिना परमिट के रविवार को कटवा दिए गए। सूचना पर टीम के साथ मौके पर पहुंचे रेंजर मनोज श्रीवास्तव ने जांच की। जांच में मामला सही पाया गया। लकड़ी की लंबाई, गोलाई की नाप कराकर रेंजर वापस लौट गए। उन्होंने कार्रवाई का भरोसा दिया है।

क्षेत्र के गांव कुइयां निवासी एक ग्रामीण का खेत नवदिया रोड पर है। खेत में सागौन के पेड़ खड़े थे। रविवार को वन विभाग के अफसरों को सूचना दिए बगैर और बिना परमिट जारी कराकर किसी ने सागौन के 13 पेड़ कटवा दिए। किसी ने इसकी सूचना वन विभाग के अधिकारियों को दी। रेंजर मनोज श्रीवास्तव टीम के साथ मौके पर पहुंचे और खेत मालिक से पूछताछ की। जांच करने पर पता चला कि खेत मालिक बिना परमिट के पेड़ कटवा रहा था। इसके बाद रेंजर ने सभी पेड़ों की गोलाई, चौड़ाई नाप कराई। रेंजर के मुताबिक, खेत मालिक के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

> सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंचा था। खेत मालिक द्वारा बिना परमिट के 13 पेड़ सागौन के काटे गए हैं। मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद खेत मालिक के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी।
> – **मनोज श्रीवास्तव**, रेंजर, खुटार


काटे गए पेड़ों की जांच करती वन विभाग की टीम।

## रंजिशन युवक को किया घायल, रिपोर्ट दर्ज

**शाहजहांपुर।** पुवाया क्षेत्र के गांव कुंवरपुर जप्ती निवासी मनोज मिश्रा ने बताया कि गांव जेवां निवासी अनुज से जमीन को लेकर पुरानी रंजिश चल रही थी। नौ मार्च को दिन में तीन बजे अनुज साथियों के साथ उसके दरवाजे पर आए और गाली देने लगे। विरोध करने पर डंडों से उसे मारने पीटने लगे। तमंचे से हवाई फायर कर आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। पुलिस ने अनुज, आलोक मिश्रा समेत पांच लोगों के खिलाफ मारपीट की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## जुआरी व सटोरिये गिरफ्तार, चालान किया

**शाहजहांपुर।** सदर बाजार पुलिस को शनिवार की शाम सात बजे सूचना मिली कि लकड़ी वाले पुल के निकट एक सटोरिया सट्टे की खाईबाड़ी कर रहा है। पुलिस ने सट्टे की पर्ची समेत सटोरिये को गिरफ्तार कर लिया। पकड़ा गया सटोरिया मुकश कुमार निवासी एमनजई जलालनगर थाना सदर बाजार है। पुलिस ने सट्टे की पर्ची व 73 रुपये बरामद किए है। पुलिस ने सटोरिया का चालान कर दिया। इधर रामचंद्र मिशन पुलिस ने गांव चौढ़ेरा में जुआ खेलते हुए तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए जुआरी राकेश, जनार्दन सिंह, मितलेश निवासी चौढ़ेरा थाना रामचंद्र मिशन है। पुलिस ने ताश की गड्डी व पांच सौ रुपये बरामद किए है। पुलिस ने तीनों जुआरी का चालान कर दिया।

# तांगे से भिड़ी बाइक, किसान की मौत परिजनों ने हंगामा कर लगाया जाम

### कार्रवाई की मांग को लेकर अड़े परिजनों ने तीन घंटे तक नहीं उठाने दिया शव


घटनास्थल पर परिजनों को समझातीं विधायक सलोना कुशवाहा। ● अमृत विचार

संवाददाता, शाहजहांपुर/ निगोही

**अमृत विचार :** निगोही में शाहजहांपुर रोड पर एक ईंट भट्ठे के पास रविवार सुबह तांगे से हुई भिड़ंत में बाइक चला रहे किसान की मौत हो गई। घटना के बाद गुस्साए परिजनों ने हंगामा करते हुए जाम लगा दिया और मौके से शव नहीं उठने दिया। तीन थानों का पुलिस फोर्स और पीएसी, सीओ सदर, विधायक सलोना कुशवाहा पहुंचे और ईंट भट्ठा मालिक से थाने में समझौता वार्ता के बाद लगभग तीन घंटे बाद बमुश्किल जाम खुल पाया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है।

क्षेत्र के गांव मिश्रीपुर निवासी विपिन कुमार(25) पुत्र मुनेंद्र किसी काम से बाइक से निगोही आया था। काम निपटाने के बाद घर लौट रहा था। निगोही से शाहजहांपुर रोड पर बमुश्किल किलोमीटर दूर राजू ईंट भट्ठे के पास पहुंचा, तभी सामने से ईंटों से भरा तांगा आ गया। जिससे उसकी बाइक भिड़ गई। जिससे बाइक सवार विपिन की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद तांगा चालक भाग गया। इधर, घटना स्थल पर भीड़ जमा हो गई। जिससे जाम के हालात पैदा हो गए। निगोही पुलिस पहुंचती तब तक घटना स्थल से एक किलोमीटर दूर गांव से मृतक के परिवार वाले पहुंच गए और तांगा चालक व ईंट भट्ठा मालिक को घटना का दोषी करार देते हुए कार्रवाई की मांग को लेकर हंगामा शुरू कर दिया। पुलिस ने कार्रवाई का भरोसा देते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजना चाहा लेकिन परिवार वालों ने शव मौके से उठाने नहीं दिया और जाम लगा दिया। परिजनों व ग्रामीणों का कहना था कि कहना था कि तांगा चालक व ईंट भट्ठा मालिक को घटनास्थल पर बुलाया जाए और दोनों पर कार्रवाई हो, तभी शव उठाने दिया जाएगा। जाम लगने से सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लगती जा रही थी और इधर परिवार वाले पुलिस के समझाने के बाद भी जाम खोलने को तैयार नहीं हो रहे थे। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए निगोही के अलावा सदर और सिंधौली थाने की पुलिस फोर्स और पीएसी को बुलवा लिया गया। सीओ सदर अमित चौरसिया, नायब तहसीलदार तिलहर त्रिभुवन जोशी भी मौके पर पहुंच गए। विधायक सलोना कुशवाहा भी मौके पर पहुंच गईं और उन्होंने भी पीड़ित परिवार को समझाकर जाम खुलवाने की कोशिश की लेकिन मृतक के परिजन उनकी बात भी मानने को तैयार नहीं हुए। लगभग 12 बजे भट्ठा मालिक पीलीभीत से निगोही थाने पहुंचे, जहां सीओ सदर अमित चौरसिया और मृतकों के बीच बातचीत हुई और समझौते के बाद करीब 12:45 बजे जाम खोल दिया गया। बाद में पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं घटना के बाद मृतक के छोटे भाई भूपेंद्र सिंह और विवाहित बहन करिश्मा, माधुरी देवी, मां कांति देवी व पिता रो रोकर बुरा हाल है। वहीं, कुछ प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि विपिन बाइक चलाते समय मोबाइल से बात कर रहा था।


परिजनों को समझाने का प्रयास करते पुलिस अधिकारी। ● अमृत विचार

### बेटी के सिर से उठ गया पिता का साया


मृतक विपिन कुमार।

मृतक विपिन के दो वर्ष की बेटी प्रिया है। पत्नी सोनी बेटी को गोद में लिए पति की मौत पर बिलख रही थी। बेटी मां को देखकर बिलखने लगती तो कभी चुप हो जाती, उसे नहीं मालूम कि जिस पिता की गोद में वह सही से खेल भी नहीं पाई थी, उसी पिता का साया उसके सिर से उठ चुका है।


बेटे की मौत पर बेसुध हुई मां कांति देवी।

> तांगा और बाइक की भिड़ंत होने पर बाइक चला रहे युवक की मृत्यु हो गई। तांगा वाले से मुआवजा दिलवा दिया गया है इसलिए इस मामले में तहरीर नहीं दी गई है। शव पोस्टमार्टम को भेज दिया है।
> – **अशोक कुमार सिंह**, थानाध्यक्ष

### दो किलोमीटर तक फंसे रहे वाहन

शाहजहांपुर से निगोही, बीसलपुर होते हुए बरेली और पीलीभीत को जाने वाले इस रोड पर बड़ी संख्या में वाहनों की आवाजाही होती है। हादसे के बाद मृतकों के परिजनों द्वारा जाम लगाए जाने से मालवाहक वाहन जाम में फंस गए। शाहजहांपुर और बीसलपुर रोड पर वाहनों की लगभग दो-दो किलोमीटर तक लाइन लगी रही।


इसी तांगे से भिड़ी बाइक।


बिलख रही बहन माधुरी देवी।

### दूसरे रास्तों से निकाले गए वाहन

जाम लगा होने के कारण शाहजहांपुर से निगोही आने वाले वाहनों को मिश्रीपुर के पास महाराणा प्रताप इंटर कॉलेज के सामने से हमजापुर होते हुए तिलहर रोड से निगोही पहुंचाया। इसके लिए वाहन सवारों को एक किलोमीटर की अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ी। वहीं बीसलपुर की ओर से आने वाले वाहनों को निगोही में हमजापुर चौराहे से पुवायां रोड से स्टेशन रोड से उदरिया होते हुए गिरगिचा चीनी मिल के पास निकाला गया। इन वाहनों को लगभग पांच किलोमीटर की दूरी तय करनी पड़ी।


कार्रवाई की मांग को लेकर परिजनों के हंगामे के बाद जाम में फंसे वाहन। ● अमृत विचार

# बाइकों की भिड़ंत में वृद्धा समेत दो की मौत

संवाददाता, कलान

**अमृत विचार :** बदायूं-फर्रुखाबाद स्टेट हाईवे पर शनिवार शाम जखिया गांव के पास बाइकों की भिड़ंत में वृद्धा समेत चार लोग घायल हो गए। घायलों ने वृद्धा समेत दो लोगों ने देर रात फर्रुखाबाद में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया, जबकि दो लोगों की हालत गंभीर बनी हुई है, उनका इलाज फर्रुखाबाद अस्पताल में चल रहा है।

क्षेत्र के गांव वाराकला निवासी राम सिंह जाटव का पुत्र गोविंद(20) छोटे भाई धर्मवीर के साथ जखिया गांव में बाइक से सब्जी बेचने आया था। वहीं समीपवर्ती गांव उदियावारा निवासी सूरजपाल की पत्नी कुसुमा देवी(60) अपने भाई कलान क्षेत्र के गांव मलेवा निवासी मटरू की बाइक पर बैठकर मायके जा रही थी। जखिया गांव के पास दोनों बाइकों की आमने-सामने से भिड़ंत हो गई। जिससे दोनों बाइकों पर सवार चारों लोग घायल हो गए। हादसे की खबर पुलिस को दी गई लेकिन पुलिस नहीं पहुंच सकी, तब तक लोगों की मदद से एंबुलेंस पहुंची, जिससे गंभीर घायल गोविंद और उसके भाई धर्मवीर व दूसरी बाइक पर सवार कुसुमा देवी और उसके भाई मटरू को फर्रुखाबाद के लोहिया अस्पताल ले जाया गया। जहां देर रात गोविंद और कुसुमा देवी ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। वहीं घायल धर्मवीर व मटरू का इलाज चल रहा है। फर्रुखाबाद कोतवाली पुलिस ने कुसुमा देवी एवं गोविंद के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया है।


मृतका कुसुमा देवी।


मृतक गोविंद।

- दो लोगों की हालत गंभीर फर्रुखाबाद में चल रहा इलाज

### 17 दिन में ही उजड़ गया लक्ष्मी का सुहाग

गोविंद की शादी 22 फरवरी को थाना कांट के गांव पथरा निवासी रूम सिंह की पुत्री के साथ हुई थी। लक्ष्मी के हाथों की मेहंदी तक नहीं छूटी थी कि शनिवार शाम दुर्घटना में पति गोविंद गंभीर रूप से घायल हो गया और देर रात उसने लोहिया अस्पताल फर्रुखाबाद में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। उसे क्या पता था कि 17 दिन में ही उसका सुहाग उजड़ जाएगा।

# राज्यरानी एक्सप्रेस के इंजन का पेंटो खराब, खड़ी रहीं कई ट्रेनें

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** स्थानीय रेलवे स्टेशन पर अप लाइन की राज्यरानी एक्सप्रेस के इंजन का पेंटो खराब हो गया। इस दौरान रोजा से टावर बैगन स्टेशन पर पहुंचा और दूसरा पेंटो इंजन में लगाया गया तब जाकर ट्रेन बरेली के लिए रवाना हुई। मालगाड़ी आदि ट्रेनों को रोजा आदि स्टेशन पर रोक दिया गया। अप लाइन पर करीब डेढ़ घंटे संचालन ठप रहा।

लखनऊ दिशा से अप लाइन की राज्यरानी एक्सप्रेस रविवार की शाम पांच बजे प्लेटफार्म चार पर आकर रुकी। इस दौरान ट्रेन के इंजन का पेंटो खराब हो गया। जो ओएचई लाइन पर स्पर्श होने के बाद करंट नहीं ले रहा था। लोको पायलट ने पेंटो को ठीक करने का प्रयास किया। लेकिन ठीक नहीं हुआ। लोको पायलट ने स्टेशन मास्टर और रेलवे कंट्रोल को पेंटो के खराब होने की सूचना दी। इससे रेल प्रशासन में हड़कंप मच गया। कंट्रोल ने टावर बैगन के अधिकारी को सूचना दी कि इंजन का पेंटो खराब हो गया है। रोजा से टावर बैगन यहां पहुंचा। अप लाइन की ओएचई करंट को बंद कराया गया। कर्मचारियों ने इंजन पर चढ़कर देखा और दूसरा पेंटो में लगाया। ओएचई लाइन में स्पर्श होने से पेंटो में करंट आया था। शाम साढ़े बजे राज्यरानी एक्सप्रेस डेढ़ घंटे बाद बरेली के लिए रवाना हुई। इस दौरान मालगाड़ी, गंगा सतजल एक्सप्रेस व पंजाब मेल आदि को रोजा आदि स्टेशनों पर रोक दिया गया था।

## ई-रिक्शा चालक को पीटकर किया घायल, रिपोर्ट दर्ज

**कलान, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव गोकुल नगला निवासी अनमोल वर्मा ने थाने पर तहरीर देकर बताया कि वह रविवार दोपहर को ई-रिक्शा लेकर जा रहा था। नौगवा मुबारकपुर के पास एक युवक अपनी भैंस लेकर जा रहा था।

भैंस से ई-रिक्शा छू गया। इसी बात को लेकर भैंस मलिक ने उसकी डंडे से पिटाई कर दी। जिससे वह घायल हो गया। घायल को पुलिस ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कलान भेज कर स्वास्थ्य परीक्षण कराया।

# सरकारी आवास में संदिग्ध हालात में चारपाई पर मिला लेखपाल का शव

संवाददाता, मिर्जापुर/शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** सरकारी आवास में लेखपाल का शव संदिग्ध परिस्थितियों में चारपाई पर पड़ा मिला है। वह कलान तहसील में कार्यरत युवक के शरीर में चोट के निशान नहीं थे। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। मौत का कारण स्पष्ट नहीं होने से बिसरा सुरक्षित रखा गया और जांच के लिए लखनऊ भेजा जाएगा।


मृतक पीयूष कुमार यादव।

हरदोई के बिलग्राम के गांव पचनेरा निवासी पीयूष कुमार यादव(30) 2016 में लेखपाल के पद पर भर्ती हुआ था। उनकी पहली पोस्टिंग तहसील तिलहर में थी। यहां से तबादला कलान तहसील के लिए हो गया था। वर्तमान समय में कलान तहसील में छिदकुरी का कार्य क्षेत्र देख रहे थे। पीयूष तहसील परिसर में सरकारी आवास में अकेला रहता था। शुक्रवार शाम काम कर सरकारी आवास पर आ गया था। शनिवार की दोपहर बाद लेखपाल संघ के अध्यक्ष उग्रसेन ने फोन मिलाया तो उनका फोन नहीं उठा। इधर पीयूष के परिवार वालों ने भी कई बार फोन मिलाया लेकिन फोन नहीं उठा। पिता शिव सिंह परिवार वालों के साथ रात आठ बजे बेटे पीयूष के सरकारी आवास पर पहुंचे। परिवार वालों के खटखटाने पर भी दरवाजा नहीं खुला। उन्होंने मिर्जापुर पुलिस को सूचना दी। एसओ विनोद कुमार तोमर रात नौ बजे सरकारी आवास पर पहुंचे।

पुलिस ने दरवाजा तोड़ा तो पीयूष का शव चारपाई पर पड़ा था। उसके शरीर में चोट के निशान नहीं थे। मृतक के परिवार वालों ने पुलिस को बताया कि वह शराब का आदी था। एक बार नशा मुक्ति केंद्र बरेली भी भेजा गया था। परिजनों ने किसी पर शक जाहिर नहीं किया है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट न होने से बिसरा सुरक्षित रखा गया है और जांच के लिए लखनऊ भेजा जाएगा।


मौके पर मौजूद मृतक के साथी।


थाली में बचे खाने की जांच करता दरोगा।

- शरीर पर चोट के कोई निशान नहीं परिवार ने नहीं लगाया कोई आरोप

### चार साल पहले शादी हुई थी

मृतक लेखपाल पीयूष की शादी चार साल पहले सीमा यादव के साथ हुई थी। उसकी पत्नी उन्नाव जिले में सहायक अध्यापिका है। बेटी तीन साल की तृष्णा है। परिवार में किसी प्रकार का क्लेश नहीं था। शुक्रवार को पीयूष ने अपने माता-पिता से फोन पर बाती की थी। मौत से परिवार में रोना पीटना मच गया।

> लेखपाल का शव कमरे में चारपाई पर पड़ा था। उसके शरीर में चोट के निशान नहीं थे। मृतक के परिवार वालों ने बताया कि शराब का आदी था। एक बार नशा मुक्ति केंद्र बरेली भी भेजा गया था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट नहीं होने से बिसरा सुरक्षित रखा गया है और जांच के लिए लखनऊ भेजा जाएगा।
> – **विनोद कुमार तोमर**, एसओ, मिर्जापुर

सैक्स रोगी मिलें
सैक्स रोगों का एकमात्र स्थायी समाधान

डॉ. रफीक
समय-रोजाना प्रातः 9 बजे से सायं 5 बजे तक (रविवार अवकाश)
बड़ी बिहार, निकट डेलापीर मण्डी, बरेली। मो. 9319929913
नामर्दी Impotance, नसों की कमजोरी, संभोग से घबराहट, उत्तेजना की कमी, स्त्रियों में सैक्स की इच्छा न होना, मानसिक तनाव आदि के लिए निःसंकोच मिलें।
ताकत, जोश, रुकावट और वैवाहिक जीवन का आनन्द उठाएं।
- शीघ्र पतन (Premature Ejaculation)
- धात रोग (Spermatorrhoea)
- स्वप्न दोष (Night Fall)
- वीर्य का पतलापन बगैरा का इलाज विशेष प्रकार की भस्मों, माजून, तिलों द्वारा किया जाता है।
- निल शुक्राणु (Azoospermia)
- शुक्राणुओं की कमी (Oligospermia)
- बांझपन (Sterility)
- सफेद पानी (Leucorrhoea)
- पेट में दर्द (Pelvic Pain)
- बार-बार गर्भपात होना

35 वर्षों का अनुभवी आयुर्वेदिका, यूनानी इलाज कराएं, जीवन में खुशियां लाएं।

ALA Herbal
ताकत, जोश, रुकावट का स्थायी समाधान
कैप्सूल मैनसूल (काम्बो पैक)

धात, शीघ्रपतन, नपुंसकता के सम्पूर्ण समाधान के लिए इस पैक में तीन प्रकार के कैप्सूल है। तीनों तरह के एक-एक कैप्सूल दूध के साथ खाने से हर प्रकार की कमजोरी ठीक हो जाती है। यह शुक्राणुओं की कमी को दूर करता है। इम्युनिटी पावर को बढ़ाता है। Streess, Depression में लाभ करता है।
यह पूर्णतयः हर्बल है, इसका कोई साइड इफैक्ट नहीं है
Flipkart, Amazon पर उपलब्ध है।
Helpline No. 8439818102 7451039913
स्टॉकिस्ट आरोग्य सदन बरेली 9837007202

# मुआवजा मिले बिना तोड़ी बुनियाद, किसानों की अफसरों से नोकझोंक

## एनएचआई की ओर से मुआवजा न मिलने से गुस्साए किसान अधिग्रहीत जमीन पर निर्माण कार्य के विरोध में उतरे

संवाददाता, खुटार

**अमृत विचार :** किसानों की अधिग्रहीत की गई भूमि पर एनएचएआई विभाग की ओर से रविवार को जेसीबी से भरी गई बुनियाद को तुड़वा दिया गया। गुस्साए किसानों ने नाराजगी जताई और एनएचएआई अफसरों के साथ काफी तीखी नोकझोंक हो गई। किसानों ने सड़क के बीचों बीच मिट्टी खोदकर ढेर लगाकर हाईवे पर चल रहे निर्माण कार्य को बंद करा दिया। विवाद बढ़ने के बाद सूचना पर पहुंची पुलिस दोनों पक्षों को थाने ले आई। तय हुआ कि किसानों का मुआवजा देने के बाद ही कार्य को शुरू कराया जाए। इसके बाद एनएचएआई असफर और किसान थाने से लौट गए।

इस समय जिला मुख्यालय शाहजहांपुर से खुटार तक नेशनल हाईवे फोरलेन का कार्य चल रहा है। साथ ही पुवायां से पूरनपुर से होते हुए मैलानी मार्ग पर स्थित लंगोटी बाबा स्थान तक बाईपास का निर्माण कार्य चल रहा है। नेशनल हाईवे बनाने के लिए किसानों की जमीनों को अधिग्रहण किया गया है। बावजूद इसके कुछ किसानों को उनकी जमीनों का मुआवजा नहीं मिल पाया है। किसान कई बार मुआवजा की मांग को लेकर पुलिस प्रशासन और शासन तक मांग रख चुके चुके हैं। इसके बाद भी किसानों को अभी तक मुआवजा नहीं मिल सका है। रामकुमार, राजू मिश्रा, शिवकुमार, विवेक मिश्रा, शिवम, रीतेश शुक्ला, रामप्रकाश, अशोक आदि किसानों ने बताया कि खुटार बंडा मार्ग पर सौंफरी में स्थित पेट्रोल पंप के समीप प्लाट है। उसके चारों ओर बुनियाद भर ली थी। पास में ही हाईवे का काम चल रहा है।

अब तक अधिग्रहित भूमि का मुआवजा नहीं मिला है। रविवार सुबह करीब दस बजे एनएचएआई विभाग के अफसर, ठेकेदार ने जेसीबी मंगवाकर भरी बुनियाद को तुड़वा दी। जानकारी मिलने पर किसान मौके पर पहुंचे। जहां एनएचएआई और किसानों के बीच कहासुनी हो गई। मामला बिगड़ने के बाद पुलिस पहुंच गई और दोनों पक्षों को थाने बुलाया लिया गया। पुलिस ने दोनों पक्षों की बात सुनी। पुलिस ने कहा कि किसानों को पहले मुआवजा दें। इसके बाद निर्माण कार्य शुरू किया जाए। इसके बाद सभी लोग वापस लौट गए।


एनएचएआई के अधिकारियों से नोकझोंक करते किसान। ● अमृत विचार


जेसीबी चलने के बाद बेहोश हुए किसान रामकुमार को पानी पिलाते अन्य किसान।

### प्रशासन-शासन को भेजी जा चुकी रिपोर्ट

किसानों ने बताया कि लेखपाल ने जमीन की पैमाइश कराने के बाद हाईवे निर्माण के लिए भूमि अधिग्रहित किए जाने की रिपोर्ट प्रशासन-शासन को भेज दी थी। करीब दो साल हो गए है और फाइल भी अधिकारियों को भेजी जा चुकी है। इसके बाद भी अधिकारी मुआवजा दिलाने का प्रयास नहीं कर रहे है। जिससे किसानों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। किसानों का आरोप है कि प्रशासन-शासन या लेखपाल इस मामले में हीलाहवाली कर रहे हैं। जिस कारण मुआवजा नहीं मिल रहा है।


एनएचएआई द्वारा तोड़ी गई बुनियाद। ● अमृत विचार

### जेसीबी चली तो बेहोश होकर गिरा किसान रामकुमार

किसानों की भूमि तो अधिग्रहित कर ली गई लेकिन किसानों को मुआवजा नहीं मिला। बुनियाद टूटते देख पिपरिया भागवंत निवासी रामकुमार बेहोश होकर जमीन पर गिर गए। किसानों ने पानी के छींटे मारे तो होश आया। इसके बाद अधिकारियों ने भी राहत की सांस ली।

> दोनों पक्ष थाने आए थे। दोनों पक्षों की आपस मे बात हुई है। जमीन का मुआवजा मिलने के बाद ही आगे का कार्य किया जाएगा। - **संजय कुमार**, थानाध्यक्ष

> शासन की ओर से पुवायां से मैलानी रोड तक हाईवे बनाने का कार्य चल रहा है। हाईवे में उनकी जमीन निकली है। जिसे अधिग्रहण कर मुआवजा देने की बात कही गई थी। करीब दो साल हो चुके हैं लेकिन मुआवजा नहीं मिल सका है। -**रीतेश शुक्ला**, खुटार

> हाईवे के पास भूमि है। उसके चारों ओर बुनियाद भरा दी थी। रविवार को एनएचएआई विभाग अफसरों ने जेसीबी मशीन से बुनियाद तुड़वा दी। जिससे काफी नुकसान हुआ है। लेकिन अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं। -**राजू मिश्रा**, खुटार

### दो साल से काट रहे चक्कर

किसानों का आरोप है कि मुआवजे की मांग को लेकर करीब दो साल से प्रशासन के दफ्तरों के चक्कर काट रहे है इसके बावजूद अफसरों ने अभी तक ध्यान नहीं दिया है। नगर के मोहल्ला बजरिया निवासी रामप्रकाश, नरायनपुर निवासी अशोक कुमार, सरोजनीनगर के अनुभव शुक्ला, गांव पिपरिया के प्रदीप शर्मा और एक अन्य किसान की भूमि अधिग्रहण की गई थी। मुआवजा नहीं मिलने के बाद जमीन के चारों ओर बुनियाद भरवा दी थी लेकिन रविवार को एनएचएआई विभाग के ठेकेदार ने जेसीबी से बुनियाद को तोड़ दिया है। इससे किसानों का काफी नुकसान हुआ है।

### किसानों ने पुलिस से की शिकायत

किसान राम प्रकाश मिश्रा, रामकुमार, शिवकुमार, अशोक कुमार, अनुभव शुक्ला ने बताया कि खुटार बंडा रोड पर स्थित जेबी पेट्रोल पंप के पास उनका प्लाट है। इस समय शाहजहांपुर पलिया हाईवे मार्ग का बाईपास निकल रहा है। मंजूरी के बाद किसानों को मुआवजा नहीं मिला। ठेकेदारों ने बगैर मुआवजा दिलवाए प्लाट में लगभग 30 वर्ष पूर्व भरी हुई नींव को बिना जानकारी दिए जेसीबी से तोड़ दिया। जबकि इस मामले में ठेकेदार, मैनेजर और अधिकारियों से किसानों के बीच बैठकर वार्ता भी हो चुकी है। आश्वासन दिया गया था कि जब तक मुआवजा नहीं दिया जाएगा तब तक काम नहीं शुरू होगा। रविवार को बिना बताए जमीन के चारों ओर भरी बुनियाद को जेसीबी मशीन से तोड़ दिया गया। किसानों ने कार्रवाई को तहरीर दी है।

### पुलिस बोली- किसानों के नुकसान की करें भरपाई

किसानों की भूमि अधिग्रहित किए जाने के बाद मुआवजा नहीं मिलने पर एनएचएआई विभाग द्वारा बुनियाद तुड़वाने के मामले में पुलिस ने किसानों के पक्ष में फैसला किया है। थानाध्यक्ष संजय कुमार ने कहा कि जेसीबी मशीन से जमीन के चारों तरफ भरी नींव तोड़ दी गई है। किसानों को हुए नुकसान की भरपाई करें। अन्यथा जिन लोगों ने यह कार्य किया है। उन पर कार्रवाई होगी। दोनों पक्ष थाने से लौट गए।

प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

## रंजिश में युवक को पीटकर किया घायल

**शाहजहांपुर, अमृत विचारः** बंडा क्षेत्र के गांव मुरादपुर निवासी सद्दाम उर्फ बब्लू ने बताया कि गांव के शादाब से लकड़ी खरीद को लेकर पुराना विवाद चल रहा है। आठ मार्च को सुबह सवा नौ बजे शादाब साथियों के साथ सद्दाम के दरवाजे पर आए और गाली देने लगे। वह उस समय मजदूरों का हिसाब कर रहा था। गाली का विरोध करने पर आरोपी झोपड़ी में घुस गए और उसे पीटकर घायल कर दिया। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। पुलिस ने आरोपी शादाब, इरशाद, जितेंद्र कुमार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# गोकशी की सूचना पर पहुंची पुलिस पशुओं के अवशेष बरामद कर दफनाए


मौके पर जांच-पड़ताल करती पुलिस। ● अमृत विचार

- **कुसुमा-इटौआ में स्थित तालाब में बड़ी मात्रा में मिले अवशेष**
- **सीओ ने लिया संज्ञान, पुलिस ने जेसीबी से खोदाई कर अवशेषों को दबाया**


संवाददाता, खुटार

**अमृत विचारः** खुटार के गांव कुसुमा-इटौआ में स्थित एक तालाब में बड़ी मात्रा में पशुओं के अवशेष बरामद हुए हैं। रविवार को पुलिस गोकशी की सूचना के बाद घटनास्थल पर पहुंची और अवशेषों को कब्जे में लेकर जेसीबी मशीन से गड्ढा कराकर दबा दिया। पुलिस ने मौके पर बाइक सहित दो लोगों को पकड़ लिया और पूछताछ की। पुलिस ने जानकारी जुटाकर पकड़े गए लोगों को छोड़ दिया।

रविवार दोपहर को कुसुमा-इटौआ में तालाब किनारे कुछ बच्चे खेतों की ओर घूम रहे थे। उन्होंने तालाब में बड़ी मात्रा में पशुओं के अवशेष देखे। इसकी जानकारी गांव के लोगों को मिली तो उन्होंने अधिकारियों से शिकायत की। थानाध्यक्ष संजय कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। वहां से गुजर रहे दो युवकों को पकड़ा और पूछताछ की।

पुवायां सीओ पंकज पंत ने बताया कि खुटार पूरनपुर मार्ग से नया बाईपास मार्ग बन रहा है। बाईपास की तरफ एक तालाब में कुछ पशुओं के अवशेष पड़े मिले। सूचना के बाद पुलिस फोर्स को भेजा गया। आसपास लोगों से जानकारी करने पर दो लोग इटौआ की ओर से बाइक से आते दिखे। बाइकसवारों के पास से एक कट्टे में पशु का पैर बरामद हुआ। पुलिस के पूछताछ करने पर दोनों युवकों ने मृत पशुओं के शव काटने का लाइसेंस दिखा दिया। जिस पर उन्हें छोड़ दिया गया। बाद में पशुओं के अवशेष को जेसीबी से गड्ढा खोदकर मिट्टी में दबा दिया।

> मृत पशुओं के अवशेष मिलने की सूचना मिली थी। टीम के साथ मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की जहां पर दो युवकों द्वारा मृत पशुओं के अवशेष एकत्र करने का लाइसेंस दिखाया गया। गलत तरीके से अवशेष इकट्ठा किए जा रहे थे, इसलिए मृत पशुओं के अवशेषों को गड्ढे में दबा दिया गया है। -**संजय कुमार**, थानाध्यक्ष

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल- बरेली
FREE ओ. पी. डी. परामर्श
बच्चों में सभी हड्डी व रीढ की समस्याओं के निःशुल्क परामर्श के लिए मिलें
मुंबई के वरिष्ठ बाल हड्डी रोग विशेषज्ञ द्वारा निःशुल्क परामर्श
दिनांक :- 14 - 15 मार्च 2024
समय :- सुबह 9 से 4 बजे तक
स्थान :- रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल, हड्डी रोग विभाग कमरा नंबर - 1084

डॉ. तुषार अग्रवाल
बाल हड्डी रोग विशेषज्ञ, मुंबई
रजिस्ट्रेशन के लिए कॉल करें - 9081800900, 8006460900
Address: Department of Orthopedic (Room No-1084)
Rohilkhand Medical College & Hospital
Pilibhit Bypass Road, Bareilly

## घर के बाहर खेल रहा बालक लापता, गुमशुदगी दर्ज

**शाहजहांपुर।** रोजा के गांव सरैया आबाद निवासी रामनाथ ने गुमुशुदगी दर्ज कराई है कि उसका बेटा नकुल(4) गूंगा है। आठ मार्च को वह बाहर खेल रहा था और लापता हो गया। गांव और रिश्तेदारी में तलाश की लेकिन उसका पता नहीं चला। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर ली है।

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट - प्रेम विवाह, पति-पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

## पुलिस ने 15 वारंटी को गिरफ्तार कर किया चालान

संवाददाता, मदनापुर


**अमृत विचारः** प्रभारी निरीक्षक अश्वनी कुमार ने बताया कि कोर्ट से अभियुक्त ओमप्रकाश, वीरपाल निवासी फाजिलपुर थाना मदनापुर, सोमवीर निवासी हरनारायनपुर थाना मदनापुर, वीरपाल निवासी कस्बा मदनापुर, श्यामपाल निवासी मथाना थाना मदनापुर, राम निवासी निवासी पेहना थाना मदनापुर, राजेश निवासी बरुआ थाना मदनापुर, जितेंद्र निवासी ढुकरी कला थाना मदनापुर, गौरी शंकर निवासी केशवपुर थाना मदनापुर, वेदराम निवासी केशवपुर थाना मदनापुर, गुड्डू निवासी ढुकरी कला थाना मदनापुर के खिलाफ से कोर्ट से गिरफ्तारी वारंट जारी हुआ था। पुलिस ने सभी वारंटियों को गिरफ्तार कर चालान कर दिया। टीम में उप निरीक्षक चंद्रशेखर, सत्यवीर सिंह आदि थे। कलान प्रभारी निरीक्षक प्रभाष चंद्र ने बताया कि अभियुक्त लल्ला सिंह निवासी लालपुर थाना कलान के खिलाफ कोर्ट से गिरफ्तारी वारंट जारी हुआ था। उसे गिरफ्तार कर चालान कर दिया। जलालाबाद पुलिस ने वारंटी राम खिलाड़ी निवासी पुरैना थाना जलालाबाद, सुरेश निवासी मगटोरा थाना जलालाबाद, सर्वेश कुमार निवासी बझेड़ा थाना जलालाबाद को गिरफ्तार कर लिया और चालान कर दिया।

# लाट साहब जुलूसः संवेदनशील क्षेत्र में घरों की छतों पर तैनात रहेगा पुलिस बल

## लाट साहब के जुलूस और चुनाव की तैयारियों में जुटा पुलिस प्रशासन, जुलूस मार्ग पर होगी बेरीकेडिंग, ड्रोन कैमरे से की जाएगी निगरानी



जुलूस के रूट का भ्रमण करते एडीएम प्रशासन संजय पांडेय व अन्य अधिकारी। ● अमृत विचार



अल्हागंज में रूट मार्च करता फोर्स। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचारः** होली पर शहर में निकलने वाले लाट साहब के जुलूस को लेकर पुलिस प्रशासन तैयारियों में जुट गया है। जुलूस के रूट पर संवेदनशील क्षेत्र में घरों की छतों पर पुलिस फोर्स की तैनाती और ड्रोन कैमरे से निगरानी को खाका तैयार कर लिया गया। जुलूस के रूट पर बेरीकेडिंग भी कराई जाएगी। शांति कमेटी की बैठकों का दौर भी शुरू हो गया है।

बता दें कि रंग वाले दिन बड़े लाट साहब का जुलूस चौक कोतवाली क्षेत्र से शुरू होकर चारखंभा, केरूगंज, अंटा चौराहा, खिरनीबाग चौराहा, सदर बाजार चौराहा, बाबा विश्वनाथ मंदिर, पंखी चौराहा, घंटाघर होते हुए सरोदी बंगले पर जाकर समाप्त होता है। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी अंटा चौराहा, बाबा विश्वनाथ मंदिर, निशात तिराहे, चारखंभा, सरोदी बंगला आदि स्थानों पर सुरक्षा के लिहाज से बेरीकेडिंग की जाएगी। किसी तरह के विवाद से निपटने की स्थित के लिए जुलूस की ड्रोन कैमरे से निगरानी की जाएगी और संवेदनशील क्षेत्रों में मकान की छतों पर पुलिस फोर्स तैनात किया जाएगा। इधर, सदर बाजार, चौक कोतवाली, रामचंद्र मिशन और रोजा पुलिस शरारती लोगों को पाबंद किया जा रहा है। इसके अलावा थानों और पुलिस चौकियों पर पीस कमेटी की बैठक की जा रही है। इस दौरान आमजन से संवाद कर होली का पर्व शांतिपूर्ण ढंग और भाईचारे के साथ मनाएं जाने की अपील की जा रही है। पुलिस प्रशासन शरारती लोगों पर पैनी नजर रखेगा।

### सिटी मजिस्ट्रेट ने किया जुलूस के रूट का भ्रमण

**रौसर कोठी।** रामचंद्र मिशन क्षेत्र में होली पर निकलने वाले छोटेलाट साहब जुलूस की तैयारी के संबंध में नगर आयुक्त केपी सिंह, एडीएम प्रशासन संजय कुमार पांडेय, एएसपी नगर संजय कुमार व सिटी मजिस्ट्रेट प्रवेंद्र कुमार, सीओ सिटी , एसडीओ विद्युत विभाग ने विशेष पुलिस अधिकारी व क्षेत्र के संभ्रांत व्यक्तियों के साथ पीस कमेटी की मीटिंग की। इसके उपरांत अधिकारियों ने छोटे लाट साहब जुलूस के मार्ग का भ्रमण किया। संबंधित कमियां नोट की गई तथा उन्हें पूर्ण करने का आश्वासन दिया गया।

### शिकायतकर्ता का नाम गोपनीय रखा जाएगा

एसपी अशोक कुमार मीणा ने बताया कि आगामी त्योहारों व चुनाव से संबंधित कोई भी अनियमितता, अपराध, अराजकतत्वों इत्यादि के संबंध में शिकायत व साक्ष्य मोबाइल नंबर 9956454614 पर काल या व्हाट्सएप के दर्ज से करा सकते हैं। शिकायतकर्ता का नाम गोपनीय रखा जाएगा।

### पुलिस ने अर्द्धसैनिक बल के साथ निकाला फ्लैग मार्च

**शाहजहांपुर।** त्योहारों तथा लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्वक ढंग से संपन्न कराने के लिए अर्द्धसैनिक बल, पीएसी जवानों ने पुलिस फोर्स के साथ विभिन्न थाना क्षेत्रों में फ्लैग मार्च निकाला। आमजन से संवाद कर कानून व्यवस्था बनाए रखने तथा शांतिपूर्ण ढंग से त्योहारों व आगामी चुनाव को निष्पक्षता के साथ संपन्न कराने के प्रति आश्वस्त किया। अल्हागंज , पुवायां, मिर्जापुर, सिंधौली पुलिस ने अर्द्धसैनिक बल, पीएसी के साथ रविवार की दोपहर मुख्य चौराहों, प्रमुख मार्गों पर फ्लैग मार्च निकाला। इस अवसर सीओ जलालाबाद अजय कुमार राय मौजूद रहे।

### होली का त्योहार शांतिपूर्ण ढंग से मनाने की अपील

**शाहजहांपुर।** रामचंद्र मिशन थाना परिसर में रविवार को होली के पर्व को लेकर पीस कमेटी की बैठक हुई। बैठक में एडीएम प्रशासन संजय कुमार व एएसपी सिटी संजय कुमार के समक्ष संभ्रांत नागरिकों ने अपने सुझाव दिए गए। उन पर अमल करने का आश्वासन दिया गया। बैठक में नगर मजिस्ट्रेट, सीओ सदर, एसडीओ विद्युत, नगर निगम के जेई संभ्रांत नागरिक आदि मौजूद रहे।

### संवेदनशील बूथ वाले गांवों में किया फ्लैग मार्च



**सिंधौली।** अर्द्धसैनिक बल के साथ प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र गुप्ता ने लोकसभा चुनाव के मद्देनजर क्षेत्र के संवेदनशील बूथों का भ्रमण कर असामाजिक तत्वों को चिन्हित करते हुए फ्लैग मार्च किया। कस्बा सिंधौली सहित महाऊ महेश, भटपुरा रसूलपुर, बिलंदपुर गद्दीपुर आदि गांवों में प्रभारी निरीक्षक ने संभ्रांत नागरिकों के साथ बैठक कर संवाद किया। साथ ही इन गांवों में फ्लैग मार्च करते हुए खुराफाती तत्वों को लाउडस्पीकर के माध्यम से चेतावनी संदेश देते हुए चिन्हित किया।

### शांति व सौहार्द से होली मनाने की अपील



**कुर्रिया कलां।** होली, रमजान का पर्व एवं लोकसभा चुनाव को शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने के लिए कोतवाली कांट में रविवार को पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता करते हुए उपजिलाधिकारी सदर ज्ञानेंद्र सिंह ने कहा कि यदि किसी व्यक्ति ने त्योहार और चुनाव के दौरान माहौल बिगाड़ने का प्रयास किया तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि होली का पर्व सभी गिले शिकवे भूलकर एक दूसरे को अपने गले लगाने का होता है। इस दिन सभी लोग आपस में गले मिलकर पर्व की बधाई दें। कहा कि यदि किसी गांव में होली जलाने के स्थल को लेकर कोई विवाद उपजता है तो वह इसकी सूचना कोतवाली पुलिस व उनके फोन नंबर पर किसी समय भी दे सकते हैं। वही प्रभारी निरीक्षक दयाशंकर सिंह ने क्षेत्र के संभ्रांत लोगों से होली दहन को लेकर चर्चा की। संवेदनशील गांवों को चिन्हित कर शांति व्यवस्था बनाए रखने को कहा। उन्होंने कहा कि किसी प्रकार की कोई नई परंपरा नहीं डाली जाए। इस दौरान क्राइम निरीक्षक सत्य सिंह, वरिष्ठ उप निरीक्षक राजेश कुमार, चौकी इंचार्ज सतेंद्र कुमार, कुलदीप, उप निरीक्षक देवेश कुमार, विपिन शर्मा, भूपेंद्र कुमार सहित क्षेत्र के संभ्रांत व्यक्ति मौजूद थे

## एक नजर

### सब्जी विक्रेता की हार्ट अटैक से मौत

**सिंधौली।** नगर की साप्ताहिक बाजार में सब्जी बेच रहे ग्रामीण की हार्ट अटैक से मृत्यु हो गयी। क्षेत्र के गांव बड़ावन निवासी नन्हे कश्यप( 45 ) बाजारों में सब्जी बेचकर परिवार का भरण पोषण करता था। रविवार को वह नगर की साप्ताहिक बाजार में बैठकर सब्जी बेच रहे थे। दोपहर बाद अचानक नन्हें अचानक मौके पर ही जमीन पर गिर गए। जिससे आसपास के व्यापारियों में अफरा-तफरी मच गई। व्यापारी उसे लेकर नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गए। लेकिन उससे पूर्व ही नन्हें की मृत्यु हो चुकी थी। पत्नी नन्ही देवी और इकलौती पुत्री बिट्टो का रोकर बुरा हाल है।

### संकरा हो गया रास्ता दुकान हटाने की मांग

**रौसर कोठी।** रामचंद्र मिशन क्षेत्र के हरदोई बाईपास चौराहे पर स्थित एक धर्म स्थल के आगे एक व्यक्ति ने अवैध रूप से अपनी दुकान रख दी है। जिसके चलते धर्मस्थल की ओर जाने वाला रास्ता संकरा हो गया। लोगों का आरोप है कि उक्त व्यक्ति ने दुकान के छत का ढलान धर्म स्थल की ओर कर दिया है। जिसके चलते गंदा पानी धर्म स्थल पर आकर गिरता है। इससे आक्रोशित रवि भारद्वाज, राजेश, चंदन, अमित आदि दर्जनों लोगों ने थाना रामचंद्र मिशन जाकर पुलिस को मामले की तहरीर देकर दुकान हटवाए जाने की मांग की है। इंस्पेक्टर चंद्र प्रकाश शुक्ला ने बताया कि तहरीर आई है। जांच कर कर अग्रिम कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# 162 किलोमीटर लंबे 22 मार्गों का सांसद ने किया लोकार्पण



लोकार्पण के बाद इंजीनियर के साथ मौजूद सांसद अरुण सागर व अन्य।

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

● **95.853 करोड़ की लागत से विभिन्न मार्गों के शिलापट का किया गया अनावरण, सर्वे के बाद स्वीकृत हुआ प्रस्ताव**

**अमृत विचारः** प्रधामंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा रविवार को आजमगढ़ में पीएम जीएसवाई के अंतर्गत प्रदेश भर में निर्मित 744 मार्गों का वर्चुअल लोकार्पण किया गया। जिसमें जनपद में निर्मित 22 मार्ग भी शामिल हैं। अपने संसदीय क्षेत्र में 95.853 करोड़ की लागत से तैयार 162.555 किलोमीटर लंबे विभिन्न मार्गों का लोकार्पण सांसद अरुण सागर ने किया।

शिलापट का सामूहिक अनावरण करते हुए सांसद अरुण सागर ने कहा कि सड़कों की डीपीआर बनाने से पहले पूरे जनपद का विस्तृत सर्वे किया गया था एवं प्राथमिकता के आधार पर सड़कों को चुनकर सरकार द्वारा स्वीकृत किया गया। सांसद ने बताया कि योजनांतर्गत निर्मित मार्ग पांच किलोमीटर से अधिक लंबाई के हैं। दस दौरान पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियंता चंद्रशेखर नौटियाल, सहायक अभियंता इंद्रेश ध्यानी, एसएस बिष्ट, इंजीनियर प्रमोद कुमार, गिरीश बाबू शाक्य, अनूप सिंह, अनिल कुमार कठेरिया, अंबरीश कुमार, शशिपाल, मिथिलेश कुमार, विपिन मिश्रा, अनिल सिंह, सईद खां समेत अन्य मौजूद रहे। संचालन सुरेश चंद्र मिश्र ने किया।

# 64 किसानों को उपकरण व प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

संवाददाता, रोजा



किसान को प्रशस्ति पत्र देते वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने रविवार को रोजा मंडी में मुख्यमंत्री कृषक उपहार योजना के तहत 64 चयनित कृषकों को उपहार व उपकरण वितरित किये।

वित्त मंत्री ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार किसानों को योजनाओं का लाभ निष्पक्ष तरीके से सभी वर्गों को दे रही है। कहा कि प्रदेश सरकार ने किसानों के निजी नलकूपों का बकाया बिजली का बिल माफ कर उन्हें सहायता दी है लेकिन विरोधी दल किसानों को बहकाने का काम कर रहे हैं। सांसद अरुण सागर ने कहा कि केंद्र सरकार ने कृषकों को मोटे अनाज की पैदावार बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करते हुए उन्हें बिना ब्याज पर ऋण उपलब्ध कराने का काम किया है। इस मौके पर वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने लकी ड्रा के माध्यम से चयनित 64 कृषकों को पंपिंग सेट, पावर स्पीयर, मिक्सर ग्राइंडर, पावर टिलर, पावर हार्वेस्टर और सोलर पावर के साथ प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर एडीएम प्रशासन संजय कुमार पांडेय, नगर आयुक्त कामता प्रसाद, नगर मजिस्ट्रेट व सभापति परविंदर कुमार, मंडी सचिव प्रवीण कुमार अवस्थी, जलालाबाद मंडी सचिव राजीव रंजन, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष वीरेन्द्र पाल सिंह यादव, पार्षद अरुण सिंह, अनूप गुप्ता, अरुण गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### सांसद ने 26 किसानों को वितरित किए पीएम कुसुम सोलर पंप के चयन प्रमाण पत्र



**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** विकास भवन सभागार में रविवार को उप कृषि निदेशक कार्यालय की ओर से महात्मा बुद्ध कृषि एवं प्रौद्योगिकी विवि, कुशीनगर के शिलान्यास कार्यक्रम का लाइव प्रसारण किसानों को दोपहर 3 बजे से दिखाया गया। कार्यक्रम में सांसद अरुण कुमार सागर की ओर से पीएम कुसुम योजना 2023-24 के सोलर पंप के 26 लाभार्थियों को चयन प्रमाण पत्र बांटे गए। सांसद ने सरकार की ओर से किसानों के लिए चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सौर ऊर्जा से पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा। उप कृषि निदेशक धीरेंद्र सिंह ने किसानों को योजना से जुड़ी जानकारिया दी। उन्होंने बताया कि जिले में वित्तीय वर्ष 2023-24 में 1120 का लक्ष्य आया था, जिसके सापेक्ष 1033 ने सोलर पंप की बुकिंग की गई। जिसमें 461 किसानों ने संपूर्ण कृषक अंश जमा कर दिया है। जिले में 4 कंपनियों की ओर से सोलर पंप लगाने का टेंडर किया गया है।

### शराब के लिए रुपये नहीं देने पर युवक को पीटा

**शाहजहांपुर, अमृत विचारः** रामचंद्र मिशन क्षेत्र के गांव मिश्रीपुर निवासी नीतू ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि गांव का ही शकील शाह उसके पति सरवन कुमार से शराब पीने के लिए रुपये मांग रहा था। जब उन्होंने रुपये देने से इंकार कर दिया तो आरोपी ने लाठी डंडों से जमकर पिटाई लगा दी। मारपीट में उनका सिर फट गया। शोर शराबा सुनकर आसपास के लोग एकत्रित हो गए।

तब आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। घायल को राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### हादसे में घायल ने तोड़ा दम

**कलान, अमृत विचारः** गांव अब्दुल्ला नगर लक्ष्मनपुर निवासी जीवन माथुर की बारात छह दिन पहले मदनापुर गई थी, जहां से सोमवार की रात एक बोलेरो गाड़ी लौट रही थी। कलान क्षेत्र के गांव नौगमा मुबारकपुर में कंटेनर से भिड़ गई। जिनमें से तीन लोगों की फर्रुखाबाद लोहिया अस्पताल में मौत हो गई थी। चार लोग गंभीर रूप से घायल थे, वहीं लक्ष्मनपुर के पूर्व प्रधान रमेश माथुर का इलाज सैफई मेडिकल कॉलेज इटावा में चल रहा था। जहां उनकी इलाज के दौरान मौत हो गई।

### आज देंगे ज्ञापन

**शाहजहांपुर।** पश्चिम बंगाल के संदेशखली में राज्य सरकार संरक्षित अपराधियों द्वारा महिलाओं के साथ किए गए जघन्नय अपराधों के संदर्भ में हिंदू जागरण मंच की ओर से सोमवार सुबह दस बजे राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन दिया जाएगा। जानकारी जिला सहसंयोजक संतोष विश्वकर्मा ने दी है।

# सफलता के क्षितिज तक पहुंचाती है शिक्षा की सीढ़ी

संवाददाता, सिंधौली



कार्यक्रम की शुरुआत करते एमएलसी सुधीर गुप्ता व विधायक सलोना कुशवाहा।

● **एमएलसी और विधायक ने किया प्राथमिक विद्यालय के नवीन भवन का भूमि पूजन**

**अमृत विचारः** विधान परिषद सदस्य सुधीर गुप्ता ने कहा कि शिक्षा वह सीढ़ी है जिसके माध्यम से व्यक्ति सफलता के क्षितिज तक पहुंचता है। वह रविवार को गुप्ता कंपोजिट विद्यालय बढ़ेला में प्राथमिक विद्यालय के नवीन भवन के भूमि पूजन के अवसर पर उपस्थित क्षेत्रवासियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जर्जर हो चुके प्राथमिक विद्यालय भवन के स्थान पर नवीन भवन के लिए सरकार की ओर से धनराशि भेजी गई है।

अभिभावकों से बच्चों को रोजाना स्कूल भेजने की अपील की। विधायक सलोना कुशवाहा ने कहा कि समाज और देश से अशिक्षा का नामोनिशान मिटाना भाजपा सरकार का लक्ष्य है। कार्यक्रम से पूर्व एमएलसी और विधायक ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर पुष्प अर्पित किए। इसके बाद भवन निर्माण स्थल पर भूमि पूजन करते हुए वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ शिलान्यास किया। सहकारी समिति के प्रशासक वीरेंद्र मिश्र ने अतिथियों को उपहार भेंट कर सम्मानित किया। प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष नवेंदु मिश्र ने आभार व्यक्त किया। प्रधानाध्यापक देवेश सिंह, मुकेश दीक्षित, प्रधान पूनम मिश्रा, प्रधान देवनारायण मिश्र, पवन मिश्र, उमेश कुमार, माया प्रकाश मिश्र, अरविंद मिश्र आदि उपस्थित रहे।

# वित्त मंत्री ने किया 68 कार्यों का लोकार्पण

संवाददाता, पुवायां




वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना का स्वागत करते जनप्रतिनिधि। ● अमृत विचार

● **स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय में हुआ कार्यक्रम का आयोजन**

**अमृत विचारः** संसदीय कार्य एवं वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने रविवार को स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय में आयोजित लोकार्पण समारोह में 10 करोड़ से ज्यादा के 68 विकास कार्यों के शिलापटों का अनावरण करके लोकार्पण किया। सरकार द्वारा किसान हितों पर काम किया जा रहा है।

सांसद अरुण सागर ने पांच साल की उपलब्धियां के बारे में बताया। राज्यसभा सांसद मिथिलेश कुमार ने वित्त मंत्री को बड़ा भाई बताते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में शाहजहांपुर विकास की राह पर प्रगति कर रहा है। शाम लगभग 8:00 बजे वित्त मंत्री का काफिला राजीव चौक पर जाकर रुका। वहां विधान परिषद सदस्य डॉ. सुधीर गुप्ता की ओर से 10 लाख रुपए से निर्मित कराए गए 100 फीट ऊंचे तिरंगे का लोकार्पण किया गया।

वहीं, बंडा नगर पंचायत के अध्यक्ष इसाक खान उर्फ बड़े लल्ला समर्थकों के साथ भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुए। टिहरी बुजुर्ग गांव के प्रधान शशांक मिश्रा भी युवाओं के साथ पार्टी में शामिल हुए।

इस दौरान चेयरमैन संजय गुप्ता, ब्लॉक प्रमुख सुर्जन लाल पूर्व, जिला पंचायत अध्यक्ष वीरेंद्र पाल सिंह यादव, अजय यादव, शकुंतला देवी, पूर्व विधायक रजनीश चंद्र दीक्षित, सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर आदि रहे। इस मौके पर वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने नगर पालिका परिषद के 4 करोड़ 13 लाख 49211 रुपए की धनराशि से होने वाले 25 विकास कार्यों का भी लोकार्पण किया।

### मनरेगा कार्यों का भुगतान कराने की मांग

**पुवायां।** बंडा विकासखंड के ग्राम प्रधानों ने वित्त मंत्री सुरेश खन्ना को संबोधित ज्ञापन देकर मनरेगा में हुए कार्यों के पेमेंट न कराए जाने के कारण हो रही परेशानी के विषय में बताया और पेमेंट कराने की मांग की। ज्ञापन में लक्ष्मी देवी, धन देवी, हरबंस सिंह राणा, जितेंद्र कुमार, भजन कौर, राजविंदर कौर आदि रहे।

# आप कार्यकर्ताओं ने निकाली सत्यमेव जयते पदयात्रा

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



पदयात्रा के दौरान प्रदर्शन करते आप कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

● **राज्यसभा सांसद संजय सिंह की गिरफ्तारी के विरोध में किया प्रदर्शन**

● **बोले- केजरीवाल को भी किया जा रहा परेशान**

**अमृत विचारः** आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रभारी एवं राज्यसभा सांसद संजय सिंह की गिरफ्तारी के विरोध में पार्टी कार्यकर्ताओं ने रविवार को सत्यमेव जयते पदयात्रा निकाली। पदयात्रा खिरनीबाग शहीद स्तंभ से प्रारंभ हुई और समापन नगर निगम शहीदों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर किया गया।

आम आदमी पार्टी व्यापार प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष डॉ. छवि यादव के नेतृत्व बड़ी संख्या में कार्यकर्ता खिरनी बाग रामलीला मैदान में इकट्ठा हुए और यहां नारेबाजी करते हुए राज्यसभा सांसद संजय सिंह की रिहाई की मांग कर फिर सत्यमेव जयते पदयात्रा शुरू की। इस दौरान डॉ. छवि यादव ने कहा कि सांसद संजय सिंह की गिरफ्तारी राजनीति से प्रेरित है। ईडी केवल विपक्ष के नेताओं पर हमलावर है। सत्ता पक्ष में तमाम भ्रष्टाचारी है लेकिन उन पर कोई जांच एजेंसी कार्रवाई नही कर रही है। संजय मोदी सरकार को कठघरे में खड़ा करते थे, इसलिए द्वेषपूर्ण तरीके से उनको फंसाया गया है और इसी मंशा से अरविंद केजरीवाल को भी बार-बार सम्मन भेजकर परेशान किया जा रहा है। जिलाध्यक्ष राजीव यादव ने कहा कि देश में तानाशाही चल रही है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में कार्यकर्ता अरविंद केजरीवाल, संजय सिंह, मनीष सिसोदिया के कटआउट लेकर पहुंचे थे। यात्रा में व्यापार प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष जोगिंदर प्रजापति, जिला महासचिव जेबी सिंह, प्रवीण सक्सेना, अनुराग रस्तोगी, सदाकत अली, विमलेश वर्मा , सुखविंदर चौहान, मोहम्मद हारुन ,वीरेंद्र प्रताप अखिलेश वर्मा, अनीता वर्मा, सुमन वर्मा, ईशा श्रीवास्तव आदि लोग शामिल रहे।

VARUN ARJUN UNIVERSITY
NH-2, Banthra, Shahjahanpur
Direct Admission Open for Session-2024-25
D. Pharm | B. Pharm
DMLT | X-Ray
Special Features
100% Placement, Qualified Faculty, Wi-Fi Campus
24 Hrs. Security, Light, Water, AC & Non AC Hostels
For any query Contact : Mr. Rajendra Gupta
Contact No. : 9455113105 (Calling Time - 10 AM to 6 PM)

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने , पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
सूचना
मैंने अपनी पुत्री प्रतिमा यादव को गलत आचरण में पड़ जाने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। मैं अपनी पुत्री से अपने संबंध विच्छेद करता हूँ। आज से मेरा मेरी पुत्री द्वारा किये गए किसी भी उचित व अनुचित कार्य के लिए मैं व मेरा परिवार प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से जिम्मेदार नही होगा। **राम निवास सिंह पुत्र रघुनंदन सिंह निवासी मोहल्ला कानून गोयन पटी गली के पास तहसील फरीदपुर जिला बरेली**

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

